नवबिहार टाइम्स

✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 37 ✶ अंक : 144 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, सोमवार, 19 अक्टूबर 2026 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com

नवम नवदुर्गा : माता सिद्धिदात्री

वन्दे वांछित मनोरथार्थ चन्द्रार्घकृत शेखराम।
कमलस्थितां चतुर्भुजा सिद्धीदात्री यशस्वनीम।।

सर्व सिद्धियों की दाता ''मां सिद्धिदात्री'' देवी दुर्गा का नौवां व अंतिम स्वरुप हैं। नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा और कन्या पूजन के साथ ही नवरात्रों का समापन होता है। हिन्दू धर्म के पुराणों में बताया गया है कि देवी सिद्धिदात्री के चार हाथ हैं जिनमें वह शंख, गदा, कमल का फूल तथा चक्र धारण करे रहती हैं। पुराणों के अनुसार देवी सिद्धिदात्री के पास अणिमा, महिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, गरिमा, लघिमा, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां हैं।

सूचना

दुर्गा पूजा के अवसर पर 19 एवं 20 अक्टूबर 2026 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अत: अगला अंक 22 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

संपादक

शुभकामनाएं

विजयादशमी एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर नवबिहार टाइम्स के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कमल किशोर
संपादक/प्रकाशक

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने किया बड़ा प्रशासनिक बदलाव

देश के अहम क्षेत्रों में लागू होगी नई सुरक्षा व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) एक ऐतिहासिक कदम के तहत एक नवंबर से अपने प्रशासनिक और परिचालन ढांचे का बड़ा कार्यात्मक पुनर्गठन लागू करेगा। इसका उद्देश्य देशभर के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और सामरिक प्रतिष्ठानों में विशेषज्ञतापूर्ण सुरक्षा प्रबंधन को मजबूत करना है। इसके तहत दिल्ली-एनसीआर समेत देश के महत्वपूर्ण और संवेदनशील पुनर्विकसित क्षेत्रों की सुरक्षा की नई व्यवस्था होगी। गृह मंत्रालय की मंजूरी से होने वाले इस पुनर्गठन में बल के मौजूदा क्षेत्रीय सेक्टरों को विभिन्न उद्योगों और प्रतिष्ठानों की विशिष्ट सुरक्षा जरूरतों के अनुरूप बनाया जाएगा। इनमें

बिजली, कोयला, इस्पात, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बंदरगाह, सरकारी भवन, संग्रहालय, स्मारक और जन तीव्र परिवहन प्रणालियां शामिल हैं। संशोधित ढांचे के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सेक्टर का पुनर्गठन कर इसे सरकारी भवन, संग्रहालय एवं स्मारक तथा जन तीव्र परिवहन प्रणाली (जीबीएमएम और एमआरटीएस) सेक्टर, नई दिल्ली बनाया जाएगा। नई दिल्ली स्थित उत्तरी सेक्टर और कोलकाता स्थित उत्तर पूर्वी सेक्टर-दो का क्रमशः बिजली-एक और बिजली-दो सेक्टर के रूप में पुनर्गठन होगा। रांची स्थित पूर्वी सेक्टर कोयला सेक्टर बनेगा जबकि भिलाई स्थित मध्य सेक्टर को इस्पात सेक्टर में बदला जाएगा। इसीतरह, गुवाहाटी स्थित पूर्वोत्तर सेक्टर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सेक्टर बनेगा। मुंबई स्थित पश्चिमी सेक्टर व चेन्नई स्थित दक्षिणी सेक्टर को क्रमशः पश्चिमी तट बंदरगाह सेक्टर और पूर्वी तट बंदरगाह सेक्टर में बदला जाएगा। बेंगलुरु स्थित परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग (डीएई और डीओएस) सेक्टर, नई दिल्ली स्थित हवाई अड्डा सेक्टर-एक और बेंगलुरु स्थित हवाई अड्डा सेक्टर-दो अपनी मौजूदा कार्यात्मक व्यवस्थाओं के तहत काम करते रहेंगे।

परिसीमन के बाद बिहार में होंगे पंचायत चुनाव : दीपक प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश रविवार को औरंगाबाद पहुंचे। उनके यहां आने पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वे विश्व प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर का दर्शन किया और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मंत्री श्री प्रकाश ने कहा कि नवरात्र का समय चल रहा है। प्रदेश में विकास की गति बनी रहे और शांति व सौहार्द का वातावरण कायम रहे। यह पर्व नई ऊर्ज़ा, आशा और अवसरों का संदेश देता है। मां दुर्गा के आशीर्वाद से जीवन में संयम, शांति और सकारात्मक ऊर्ज़ा का संचार होता है। यह कृपा प्रदेशवासियों पर बनी रहे। पंचायत चुनाव के संबंध में पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि फिलहाल सूबे में परिसीमन का कार्य चल रहा है। परिसीमन का कार्य संपन्न होने के बाद पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। सरकार का पूरा प्रयास रहेगा कि परिसीमन, आरक्षण और चुनाव से जुड़े सभी कार्य समय से पूरे किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि परिसीमन और चुनाव दोनों ही प्रक्रियाएं निर्वाचन आयोग के अधिकार क्षेत्र में आती हैं, इसलिए विभाग की ओर से किसी निश्चित समयसीमा पर कमेंट करना उचित नहीं होगा। सरकार का उद्देश्य पंचायतों को सशक्त बनाना एवं प्रशासनिक व्यवस्था को ग्रामीणों के करीब पहुंचाना है। पंचायत सरकार भवन ग्रामीणों के लिए स्थानीय स्तर पर सरकारी सेवाओं का प्रमुख केंद्र होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

सड़क हादसे में देवर-भाभी की मौत

मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)। एनएच-27 स्थित चकिया बाइपास ओवरब्रिज के पास रविवार सुबह तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गयी। हादसे में बाइक चला रहे जयप्रकाश कुमार (20) और उनकी भाभी पूनम देवी (24) की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं बाइक पर सवार रविन्द्र राम (35) और उनकी तीन वर्षीय बेटी अंशिका घायल हो गये। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने दोनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

दुर्गा पूजा ड्यूटी के दौरान फर्जी पुलिसकर्मी गिरफ्तार

मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)। नगर थाना क्षेत्र के कचहरी चौक पर दुर्गा पूजा में ड्यूटी कर रहे एक फर्जी पुलिसकर्मी को पुलिस ने शनिवार की रात गिरफ्तार किया। आरोपित खाकी वर्दी पहनकर शहर के विभिन्न इलाकों में खुद को पुलिसकर्मी बताता था और वर्दी का धौंस दिखाकर लोगों से पैसे की ठगी करता था। उसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अगरवा कब्रिस्तान के पास स्थित उसके किराये के मकान की तलाशी ली। गिरफ्तार आरोपित की पहचान संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ठीकहां भवानीपुर गांव निवासी मनोज राउत के रूप में हुई है।

चोरबागान हादसे में पिता-पुत्र की मौत

मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)। बेटे की दुर्गा प्रतिमाएं देखने की जिद पूरी करने के लिए बिहार के मुजफ्फरपुर से कोलकाता आया एक परिवार खुशियों के बजाय मातम में डूब गया। शनिवार की रात चोरबागान में दुर्गा पूजा पंडाल में हुए हादसे में अभिषेक कुमार श्रीवास्तव और उनके नौ वर्षीय बेटे आयुष कुमार श्रीवास्तव की मौत हो गई। अभिषेक की पत्नी निभा कुमारी गंभीर रूप से घायल हैं।

बिहार में 452 बालू घाटों की जल्द होगी नीलामी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में बालू खनन शुरू होने के बाद अब सरकार इसकी उपलब्धता और बढ़ाने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए खान एवं भूतत्व विभाग नए बालू घाटों से खनन शुरू कराने की योजना पर काम कर रहा है। सरकार का जोर इस बात पर है कि प्रदेश के नागरिकों और सरकारी विभागों को निर्माण कार्यों में बालू की कोई कमी न होने पाए। इसके अलावा विभाग वैसे घाटों की नीलामी पर भी जोर दे रहा है जो किसी न किसी कारणवश अब तक नीलाम नहीं हो पाएं हैं। खान एवं भू-तत्व विभाग की जानकारी के अनुसार विभाग फिलहाल जिन जिलों में नए बालू घाटों की पहचान कर वहां से खनन शुरू करने की योजना बना रहा है वे जिले भोजपुर, अरवल, औरंगाबाद, पटना, गया और जमुई हैं। इन जिले में नए घाटों से बालू निकालने की संभावना तलाशी जा रही है। दूसरी ओर सूत्रों ने बताया कि विभाग उन बालू घाटों की बंदोबस्ती प्रक्रिया पर भी फोकस कर रहा है जिनकी अब तक नीलामी नहीं हुई है। राज्य में पीले बालू के 466 और उजले बालू के 541 घाट चिह्नित हैं। इनमें करीब 452 घाटों की अभी नीलामी बाकी है। विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को ऐसे घाटों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया है।

पोखर में डूबने से मामा-भांजी की मौत

गयाजी (नबिटा ब्यूरो)। बिहार के गया में मामा-मामी के झगड़े में पोखर में डूबकर भांजी की मौत हो गई। बच्ची को बचाने के क्रम में मामा की भी जान चली गई। दोनों डोभी थाना क्षेत्र के मिसरीटांड गांव में रविवार दोपहर आहर में डूब गए। मृतकों की पहचान गांव के 25 वर्षीय गौतम कुमार और उसकी 14 वर्षीय भांजी रचना कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। इस घटना का सबसे अहम पहलू यह है कि जो महिला (मामी) खुदकुशी करने पर अमादा थी उसकी जान को कुछ नहीं हुआ। डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गौतम के शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया भेज दिया। वहीं परिजनों ने रचना का पोस्टमार्टम नहीं कराया है।

स्नातक एवं शिक्षक कोटे की आठ सीटों पर मतदान 23 को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। विधान परिषद में शिक्षक और स्नातक कोटे की आठ सीटों पर 23 अक्टूबर को मतदान होना है। इसके लिए निर्वाचन आयोग तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। कुल 933 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां 532847 मतदाता अपना वोट गिराएंगे। इनमें 386199 पुरुष और 146611 महिला हैं। स्नातक श्रेणी की सीटों के लिए कुल 492594 और शिक्षक श्रेणी की सीटों के लिए 40253 मतदाता हैं। इनमें 37 मंगलामुखी (थर्ड जेंडर) मतदाता हैं। शिक्षक कोटे की चार (पटना, दरभंगा, सारण, तिरहुत) और स्नातक कोटे की भी चार (पटना, दरभंगा, तिरहुत, कोसी) सीटों पर चुनाव हो रहा है। शिक्षक कोटे की सीटों के लिए 40253 मतदाता हैं और स्नातक श्रेणी की सीटों के लिए 492594 मतदाता। कुल 150 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान के साथ ही उनके भाग्य का निर्णय हो जाएगा और 27 अक्टूबर को मतगणना के साथ विजेता की घोषणा भी हो जाएगी। दलीय-निर्दलीय मिलाकर कुल 164 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया था। दस्तावेज की कमी और तथ्यगत त्रुटियों के कारण उनमें से 12 के पर्चे निरस्त हो गए थे। दो निर्दलीय अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। उसके बाद कुल 150 दावेदार शेष रह गए हैं। उनमें 90 प्रत्याशी स्नातक कोटे की चार सीटों के लिए हैं। शिक्षक कोटे की सीटों के लिए कुल 60 प्रत्याशी मैदान में हैं।

महाअष्टमी पर नीतीश कुमार ने शक्तिपीठों में की पूजा-अर्चना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और तरक्की की कामना के साथ पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को महाअष्टमी के अवसर पर पटना सिटी के विभिन्न देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा-अर्चना की। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी रविवार को सबसे पहले अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर पहुंचे। यहां पुजारियों सुनील, जय प्रकाश, पंकज, छोटू और अमरनाथ बबलू ने पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान उन्होंने माता के दर्शन कर राज्य की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शीतला माता मंदिर में दर्शन के बाद दोनों नेता शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी पहुंचे। यहां महंत विजय शंकर गिरि और भोलू गिरि ने संकल्प

कराया। इसके बाद नारियल फोड़कर भगवती की आरती उतारी गई। मंदिर की ओर से नीतीश कुमार को माता की चुनरी भेंट की गई। बड़ी पटनदेवी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद नीतीश कुमार ने वहां चल रहे जीर्णोद्धार कार्य की प्रगति देखी। उन्होंने महंत से कार्य की स्थिति और इससे जुड़ी जानकारी भी ली। इसके बाद दोनों नेता सिद्ध शक्तिपीठ छोटी पटनदेवी पहुंचे। छोटी पटनदेवी मंदिर में पुजारी आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी और विवेक द्विवेदी ने पूजा-अर्चना का अनुष्ठान कराया। दोनों नेताओं ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने मारुफगंज स्थित श्री बड़ी देवी जी मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया। नीतीश कुमार ने कहा कि वह महाअष्टमी के दिन माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। माता को नमन कर राज्य, देश और दुनिया की सुख-शांति तथा खुशहाली की कामना करते हैं। इस दौरान बिहार की समृद्धि और तरक्की के लिए भी प्रार्थना की गई।

कोलकाता हादसे के बाद बिहार के पूजा पंडालों में अलर्ट

पटना(नबिटा ब्यूरो)। कोलकाता के दुर्गा पूजा पंडाल में हुए दर्दनाक हादसे के बाद बिहार में भी पूजा पंडालों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ाई गई है। पंडालों में भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस प्रशासन ने मुस्तैदी बढ़ा दी है। खासकर भीड़भाड़ वाले पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है। कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल घूमने गए बिहार के एक परिवार के साथ दर्दनाक हादसा हुआ। परिवार के सदस्य के मुताबिक छह लोग हंसी-खुशी घर से निकले थे और ब्लॉग बनाते हुए कोलकाता पहुंचे थे। उन्हें अंदाजा नहीं था कि पूजा घूमने के दौरान ऐसी दुखद घटना हो जाएगी। परिवार के सदस्य ने बताया कि पूजा पंडाल के पास पानी जमा था। इसी दौरान पानी में करंट फैलने की बात सामने आई। करंट का झटका लगते ही वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इस हादसे में परिवार की एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई जबकि परिवार के दूसरे सदस्यों और बच्चों की स्थिति भी बिगड़ गई। बंगाल में हुए हादसे के बाद बिहार में पूजा पंडालों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। पंडालों में भीड़ की स्थिति, लोगों के आने-जाने के रास्ते और बिजली से जुड़े इंतजामों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडालों में पहुंचते हैं। ऐसे में भीड़ को संभालना और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन के लिए अहम है।

बिहार मशरूम उत्पादन में देश में नंबर वन, किसानों की आय बढ़ाएगी नई इकाई : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 61 लाख 60 हजार 741 रुपये की स्वीकृति दी गई है। इस राशि से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में मशरूम स्पॉन उत्पादन-सह-प्रदर्शन इकाई स्थापित होगी। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इस पहल से छोटे और सीमांत किसानों की आय बढ़ाने, कृषि आधारित उद्यमों को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर विकसित करने में मदद मिलेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि

बिहार मशरूम उत्पादन में पूरे देश में पहले स्थान पर है और राज्य में इसकी अपार संभावनाएं हैं। कम भूमि और कम लागत में मशरूम उत्पादन कर किसान पारंपरिक खेती के साथ आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित कर सकते हैं। प्रस्तावित इकाई के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण स्पॉन के उपयोग और उत्पादन की बेहतर विधियों की जानकारी दी जाएगी। श्री सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत मशरूम उत्पादन इकाई, कंपोस्ट इकाई, स्पॉन निर्माण इकाई तथा मशरूम प्रसंस्करण और विपणन इकाइयों की स्थापना के लिए भी सहायता का प्रावधान है। इससे उत्पाद की गुणवत्ता बनाए रखने, बाजार में बेहतर मूल्य प्राप्त करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार कृषि विविधीकरण और कृषि आधारित उद्यमों को प्रोत्साहित कर किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

सत्य और धर्म की विजय का प्रतीक है विजयादशमी : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विजयादशमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की शाश्वत विजय का प्रतीक है। यह पर्व मानवता को सत्य, न्याय और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने भगवान श्रीराम और मां शक्ति से प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए विजयादशमी को आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें अपने भीतर के विकारों पर विजय प्राप्त करने तथा साहस, संयम और दृढ़ संकल्प के साथ सन्मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश देता है। नैतिक मूल्यों और अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा ही समाज एवं राष्ट्र के वास्तविक उत्थान का आधार है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सत्य, न्याय और सदाचार के आदर्शों को जीवन में अपनाने का अवसर भी है। यह पर्व प्रत्येक युग में बुराइयों का त्याग कर अच्छाइयों को अपनाने की प्रेरणा देता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कामना की कि विजयादशमी का पावन अवसर बिहार में आपसी भाईचारे, सामाजिक सद्भाव और सौहार्द की भावना को और मजबूत करे। उन्होंने प्रदेशवासियों से इस उत्सव को हर्षोल्लास, शांति और पारस्परिक सद्भाव के साथ मनाने की अपील की।

प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने की भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार मुलाकात

जरासंध जयंती-सह-स्वाभिमान रैली में आएंगे भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारतीय अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से उनके आवास पर मुलाकात कर 28 नवंबर को पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में आयोजित होने वाली मगध सम्राट जरासंध जयंती-सह-स्वाभिमान रैली में शामिल होने का आमंत्रण दिया। नितिन नवीन ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए रैली में आने की सहमति दी। मुलाकात के दौरान सेवा संकल्प अभियान में भाजपा ओबीसी मोर्चा की सहभागिता, राजनीतिक एवं सामाजिक मुद्दों और संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई। प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 फरवरी तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान में

भाजपा ओबीसी मोर्चा की सक्रिय एवं प्रभावी भागीदारी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सराहना की। उन्होंने शक्ति केंद्र से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने और पदाधिकारियों को अधिकाधिक क्षेत्र भ्रमण कर जन-जन तक पहुंचने का मार्गदर्शन दिया। चंद्रवंशी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के सुझावों को धरातल पर उतारने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान उन्हें पूर्ववत आत्मीयता और स्नेह मिला। उन्होंने बताया कि 28 नवंबर को होने वाली जरासंध जयंती-सह-स्वाभिमान रैली सामाजिक एकजुटता मजबूत करने, गौरवशाली पौराणिक इतिहास को पुनर्जीवित करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर है। उन्होंने लोगों से रैली में शामिल होकर सामाजिक एकता और स्वाभिमान का परिचय देने की अपील की।

जमाबंदी में त्रुटियों के सुधार के लिए 31 अक्टूबर तक चलेगा विशेष अभियान

नाम, खाता, खेसरा, रकबा और लगान में गड़बड़ी का होगा सुधार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राजस्व अभिलेखों में दर्ज जमाबंदी से संबंधित त्रुटियों को दूर करने के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने विशेष जमाबंदी शुद्धीकरण अभियान शुरू किया है। यह अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत जमाबंदी में नाम, खाता, खेसरा, रकबा, लगान सहित अन्य प्रकार की गलतियों को सुधारने की कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान हल्का स्तर पर कार्यरत राजस्व कर्मचारी जमाबंदी अभिलेखों की जांच कर उनमें दर्ज त्रुटियों का सुधार करेंगे। इसका उद्देश्य भूमि संबंधी राजस्व अभिलेखों को दुरुस्त करना और उनमें दर्ज गलतियों के कारण आम लोगों को होने वाली परेशानियों को कम करना है। जमाबंदी में नाम, खाता संख्या, खेसरा संख्या, भूमि के रकबे या लगान से संबंधित त्रुटियों के कारण जमीन मालिकों को कई बार राजस्व संबंधी कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में विशेष शुद्धीकरण अभियान के माध्यम से अभिलेखों में दर्ज गलतियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। विभाग की इस पहल से भूमि अभिलेखों में पारदर्शिता बढ़ने और जमीन से जुड़े मामलों के निष्पादन में सहूलियत मिलने की उम्मीद है। 31 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत जमाबंदी से संबंधित त्रुटियों के सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी पहुंचकर मां दुर्गा की पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। शारदीय नवरात्र के मौके पर महाअष्टमी के दिन पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी के प्राचीनतम गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी पहुंचकर मां दुर्गा परिवार का दर्शन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मां दुर्गा की आरती की एवं विधि विधान से पूजा अर्चना की। नीतीश कुमार ने मां दुर्गा से बिहार की समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इससे पूर्व बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष एवं गर्दनीबाग ठाकुरवाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद डॉ रणवीर नंदन ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित सभी आगंतुकों

का स्वागत किया। प्रो रणबीर नंदन ने नीतीश कुमार का स्वागत शॉल देकर किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी स्थित परमेश्वरी भवन में नवरात्र के मौके पर स्थापित कलश की पूजा अर्चना की एवं अपनी माता स्वर्गीय परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री के साथ जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन शराफ, बिहार राज्य नागरिक परिषद के महासचिव हरेन्द्र बहादुर सिंह, पुजारी मुकेश रंजन झा, रूना बाबा अभिषेक कुमार, अमन राज, सत्य प्रकाश पांडेय, वेद प्रकाश सहित भारी संख्या में भक्तगण लोग उपस्थित थे।

कोलकाता के पूजा पंडाल में हुई दुखद घटना पर डॉ. प्रेम कुमार ने जताया शोक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पश्चिम बंगाल के उत्तरी कोलकाता स्थित चोरबागान शारदा पार्क पूजा पंडाल में भगदड़ के दौरान 17 श्रद्धालुओं की मृत्यु एवं कई लोगों के घायल होने की दुःखद घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने मां दुर्गा से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

हरिश्चंद्र वर्मा के निधन पर मंत्री श्रवण कुमार ने जताया शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। ग्रामीण विकास एवं जन-सम्पर्क मंत्री एवं जदयू विधायक दल के नेता सह उत्तर प्रदेश संगठन प्रभारी श्रवण कुमार ने वाराणसी के रोहनिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राम रायपुर ग्राम निवासी हरिश्चंद्र वर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक-संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। श्रवण कुमार ने कहा कि हरिश्चंद्र वर्मा का जीवन सामाजिक सरोकारों, जनसेवा और वैचारिक प्रतिबद्धता के प्रति समर्पित रहा। वर्ष 1990 में युवा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होना उनके सामाजिक योगदान और सक्रियता का परिचायक है। वे अमर शहीद जगदेव बाबू एवं रामस्वरूप वर्मा की विचारधारा से काफी प्रभावित थे और उनके विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि वर्ष 2016 में जनता दल (यूनाइटेड) के स्तर से आयोजित कई कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संचालित करने में हरिश्चंद्र वर्मा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वे अनेक सामाजिक संगठनों से भी जुड़े रहे और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहे। श्रवण कुमार ने कहा कि हरिश्चंद्र वर्मा के निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके सामाजिक योगदान, विचारों और जनसेवा के प्रति समर्पण को सदैव याद किया जाएगा।

दुर्गा पूजा में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु ऊर्जा विभाग सक्रिय

राज्यभर में 115 नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कर रहे निगरानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। दुर्गा पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं, पूजा समितियों एवं आम नागरिकों को निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा विभाग ने व्यापक व्यवस्था की है। ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल के मार्गदर्शन एवं ऊर्जा सचिव अजय यादव के नेतृत्व में विद्युत आपूर्ति की सतत निगरानी की जा रही है। राज्यभर में कुल 115 नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय हैं जिनमें साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के 59 तथा नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के 56 नियंत्रण कक्ष शामिल हैं। इनके माध्यम से आपूर्ति बाधाओं, तकनीकी

खराबियों एवं उपभोक्ता शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। पूजा पंडालों, मंदिरों, प्रमुख चौक-चौराहों, मेला स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विद्युत व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साउथ बिहार में मुख्यालय, विद्युत अंचल एवं डिवीजन स्तर पर 59 नियंत्रण कक्षों के अतिरिक्त मेला क्षेत्रों में 200 अस्थायी नियंत्रण कक्ष सक्रिय हैं। नॉर्थ बिहार में मुख्यालय सहित 56 नियंत्रण कक्षों के साथ 60 अस्थायी नियंत्रण कक्ष कार्य कर रहे हैं। इनमें एक हजार से अधिक पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कहा कि दुर्गा पूजा बिहार की आस्था, संस्कृति एवं सामाजिक समरसता का महत्वपूर्ण पर्व है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को बेहतर विद्युत सुविधा देना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

डांडिया में खूब झूमे लोग, गरबा महोत्सव में बिखरा युवाओं का जलवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। शहर में आयोजित गरबा-डांडिया महोत्सव में युवाओं का उत्साह देखते ही बना। एम डी एस डांस स्टूडियो फतुहा द्वारा फतुहा क्लब में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया और जमकर डांडिया खेला। डांडिया महोत्सव का उद्घाटन मुख्य पार्षद रूपा कुमारी, उप मुख्य पार्षद अंजनी कुमारी, लोजपा नेता टुनटुन यादव, प्रेम युथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम स्थल को रंग-बिरंगे फूलों और रोशनी से सजाया गया था। ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा थिरकते नजर आए। महिलाओं, युवतियों और बच्चों ने गुजराती गरबा और राजस्थानी लोक नृत्य से सभी का मन मोह लिया।

सचिवालय कॉलोनी के नवरत्न मंदिर में श्रद्धा भक्ति के साथ हुई मां दुर्गा की पूजा-अर्चना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित सचिवालय कॉलोनी के नवरत्न मंदिर में मां दुर्गा की पूजा पूरे धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के साथ हुई। मंदिर और उसके आसपास की भव्य सजावट के बीच महासप्तमी को शुभ मुहूर्त में मंत्रोच्चार के साथ मां दुर्गा का पट खोला गया। इसके साथ ही मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान कार्तिकेय और भगवान गणेश की प्रतिमाओं के पट भी खोले गए। इसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की। महासप्तमी की रात

हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आरती में भाग लिया। आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इसी तरह महाष्टमी के अवसर पर भी हजारों श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। रात में आयोजित आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। लगभग 50 वर्ष पूर्व बने इस मंदिर में 22 जनवरी, 2024 को मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की नई प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं।

नवी मुंबई के विराट कायस्थ महासम्मेलन की तैयारियों के लिए समितियों का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस की ओर से 20 दिसंबर को नवी मुंबई के खारघर में विराट कायस्थ महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। महासम्मेलन की तैयारियों को गति देने और आयोजन को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों के संयोजकों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है जिससे आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जा सके। जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद के नेतृत्व और प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस महासम्मेलन में देश-विदेश के कायस्थ प्रतिनिधियों की भागीदारी प्रस्तावित है। सम्मेलन के माध्यम से समाज के लोगों को एक साझा मंच पर लाने, आपसी सहयोग बढ़ाने, सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने तथा कायस्थ समाज की सांस्कृतिक विरासत और उपलब्धियों को व्यापक पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। महासम्मेलन की संपूर्ण तैयारी समिति की जिम्मेदारी राष्ट्रीय महासचिव नवीन कुमार को सौंपी गई है। वह आयोजन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं और तैयारियों के समन्वय की जिम्मेदारी संभालेंगे। ड्राफ्टिंग समिति का दायित्व राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. आदित्य नाग को दिया गया है। महाराष्ट्र प्रदेश महासचिव सुनील कुमार को स्वागत मंत्री बनाया गया है जबकि महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव स्वागत समिति और भोजन समिति की जिम्मेदारी संभालेंगे। कला एवं संस्कृति समिति के संयोजक के रूप में कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के ग्लोबल कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के ग्लोबल महासचिव पवन सक्सेना इस समिति के सह-संयोजक होंगे। सम्मेलन में कला एवं संस्कृति से जुड़ी गतिविधियों के समन्वय और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी में यह समिति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसी तरह आईटी समिति की जिम्मेदारी महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष मनीष प्रभाकर को दी गई है जबकि डिजिटल समिति का दायित्व ग्लोबल संगठन सचिव शुभ्रांशु श्रीवास्तव संभालेंगे। इन समितियों के माध्यम से आयोजन से संबंधित तकनीकी और डिजिटल व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने पर जोर दिया जाएगा। आयोजन की तैयारियों के तहत गठित स्टेज समिति में सुनील कुमार, महाराष्ट्र प्रदेश महासचिव को संयोजक तथा संजय कामता प्रसाद, महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि विराट कायस्थ महासम्मेलन समाज की एकजुटता, संगठनात्मक शक्ति और सामूहिक सहभागिता को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

संजय मयूख ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया एक माह का वेतन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय मयूख ने राज्य के बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए अपने एक माह के वेतन की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान के रूप में दी। उन्होंने इस राशि का चेक मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सौंपा। संजय मयूख ने कहा कि संकट की इस घड़ी में बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ खड़े रहना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के उद्देश्य से यह आर्थिक योगदान दिया है। इस पहल के माध्यम से उन्होंने आपदा की स्थिति में जरूरतमंद लोगों की मदद करने और उनके साथ एकजुटता प्रदर्शित करने का संदेश दिया।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने की गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी पहुंच मां दुर्गा की पूजा-अर्चना

बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजधानी के प्राचीन एवं ऐतिहासिक धार्मिक स्थल गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में आज स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने पहुंचकर मां दुर्गा की विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की। नवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने रविवार को गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी पहुंचकर मां दुर्गा दरबार, बजरंगबली दरबार, भगवान शंकर दरबार, श्री राम दरबार, भगवान चित्रगुप्त दरबार, मां दक्षिण काली दरबार में पूजन, आरती, अभिषेक संपन्न किया। उन्होंने इस अवसर पर मां दुर्गा से बिहार की समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद डॉ. प्रो. रणबीर नंदन ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट

कर स्वास्थ्य मंत्री जी का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। पूजा-अर्चना के पश्चात स्वास्थ्य मंत्री ने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि नवरात्र का पावन पर्व शक्ति और भक्ति का प्रतीक है और ऐसे प्राचीन मंदिर हमारी सांस्कृतिक विरासत के केंद्र हैं। इस मौके पर प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि सरकार राज्य के सभी प्राचीन मंदिरों और धार्मिक न्यासों के जीर्णोद्धार एवं व्यवस्थित संचालन के लिए प्रतिबद्ध है। गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी का ऐतिहासिक महत्व है और इसके विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस मौके पुजारी मुकेश रंजन झा,अभिषेक कुमार,अमन राज,सत्य प्रकाश पांडेय,वेद प्रकाश,ओम तिवारी सहित स्थानीय श्रद्धालु एवं स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम-एसएसपी ने किए प्रमुख पंडालों के निरीक्षण, भीड़ प्रबंधन को लेकर दिए कड़े निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। दुर्गा पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम दर्शन सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने पटना जिले के प्रमुख पूजा पंडालों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा इंतजामों और भीड़ प्रबंधन का बारीकी से जायजा लिया और मौके पर मौजूद पुलिस बल को सख्त दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं के आवागमन को लेकर खासी सावधानी बरतने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि पंडालों के प्रवेश और निकास द्वारों पर विशेष सतर्कता बरती जाए ताकि किसी भी समय भीड़ का अनावश्यक दबाव न बढ़े और लोग आसानी से सुरक्षित दर्शन कर सके। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि देश के अन्य हिस्सों में भीड़ प्रबंधन की चूक से हुई घटनाओं से सबक लेना बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी दंडाधिकारियों को अपने निर्धारित स्थलों पर मुस्तैद रहकर भीड़ की स्थिति पर लगातार नजर रखने और आपसी समन्वय के साथ काम करने के कड़े निर्देश दिए। किसी भी संभावित आपात स्थिति से तुरंत निपटने के लिए सभी प्रमुख पूजा पंडालों के पास एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन और ध्वनि विस्तारक यंत्रों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार जरूरी सूचनाएं देकर श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। शीर्ष अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित पदाधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें ताकि पूरा दुर्गा पूजा उत्सव शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सके।

31वां लघुकथा सम्मेलन 26-27 दिसंबर को पटना में

जुटेंगे देश भर के शीर्ष लघुकथाकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के तत्वावधान में 31वां लघुकथा सम्मेलन 26 एवं 27 दिसम्बर को पटना में आयोजित होगा। सम्मेलन में बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान व दक्षिण भारत के राज्यों के सौ से अधिक शीर्ष लघुकथाकार शिरकत करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए लघुकथा मंच के महासचिव डॉ ध्रुव कुमार ने बताया कि इस वार्षिक सम्मेलन में पुस्तक लोकार्पण, लघुकथा पाठ एवं लघुकथा विमर्श को आगे बढ़ाने वाले विभिन्न विश्वविद्यालयों के शोधार्थियों द्वारा लघुकथा शोध-पत्र भी पढ़े जाएंगे। इसके अतिरिक्त सतीशराज पुष्करणा की चुनिन्दा लघुकथाओं के मंचन भी होंगे। डॉ ध्रुव ने बताया कि सम्मेलन के अवसर पर सतीशराज पुष्करणा लघुकथा शिखर सम्मान, लघुकथा समालोचक सम्मान, युवा सम्मान तथा नवांकुर सम्मान से कुल चार लघुकथाकारों को सम्मानित किया जाएगा।

केवाइपी बचाओ महा आंदोलन 2.0 जारी, विभागीय पहल नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। केवाईपी बचाओ महा आंदोलन 2.0 के तहत 9 अक्टूबर 2026 से जारी धरना-प्रदर्शन अब भी जारी है। आंदोलन से जुड़े प्रतिनिधियों के अनुसार अब तक संबंधित विभाग की ओर से कोई ठोस पहल सामने नहीं आने के कारण आंदोलन को आगे जारी रखने और आगामी रणनीति को व्यापक बनाने पर विचार किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री आवास के निकट शांतिपूर्ण प्रदर्शन तथा बिहार बंद जैसे संभावित कार्यक्रमों को लेकर संगठन के भीतर चर्चा की जा रही है। इन कार्यक्रमों के संबंध में अंतिम

निर्णय, आवश्यक अनुमति और अन्य वैधानिक प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए आगे की रूपरेखा तय की जाएगी। आंदोलन को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए जिला स्तरीय समितियों को अपने-अपने क्षेत्रों के केवाईपी केंद्र संचालकों तक आधिकारिक सूचनाएं पहुंचाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। संचालकों से अपील की गई है कि वे संगठन की आधिकारिक सूचना के आधार पर आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त करें और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ही अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। संगठन की ओर से यह भी अपील की गई है कि सभी प्रस्तावित कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित और कानून के दायरे में आयोजित किए जाएं।

वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच खुले पूजा पंडालों के पट, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाएं बनीं आकर्षण का केंद्र, रामकृष्ण आश्रम में शुरू हुआ तीन दिवसीय भंडारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर शनिवार की शाम वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच दुर्गा पूजा पंडालों के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। पट खुलते ही मां दुर्गा के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। देवी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर से लेकर गांवों तक भक्तिमय माहौल देखने को मिला। आकर्षक सजावट और रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाते पूजा पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। डालमियानगर बंगाली क्लब, पाली स्थित काली कला मंदिर, तार बंगाल स्थित छात्र नवयुवक पूजा समिति, स्टेशन रोड के युवा किंग क्लब, नटराज कला परिषद, नगर परिषद क्षेत्र स्थित देवी प्रकेश्वरी मंदिर, राजपूतान मोहल्ले के काली स्थान, मयूर नवयुवक क्लब शिवगंज, शिवम पूजा समिति, पानी टंकी, न्यू डिलिया, सूरज सिंह मेमोरियल क्लब और रोहतास क्लब सहित विभिन्न पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है।

रामकृष्ण आश्रम में सप्तमी के अवसर पर नवपत्रिका प्रवेश के साथ पूजा-अर्चना की गई। आश्रम में शुरू हुए भंडारे में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। डालमियानगर स्थित बंगाली क्लब में देश की आजादी से पहले से दुर्गा पूजा मनाने की परंपरा जारी है। इस वर्ष पूजा का 88वां आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार की देर शाम षष्ठी पूजा समारोह का उद्घाटन रोहतास उद्योग समूह के प्रभारी प्रबंधक एवं क्लब अध्यक्ष एआर वर्मा ने अपनी पत्नी मीना सिंह की उपस्थिति में फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। गया से आए पुरोहित तपन भट्टाचार्य ने वैदिक विधि-विधान से पूजा कराई। वहीं, पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा से आए धाकी कलाकारों ने पारंपरिक ढाक की धुनों से समारोह को विशेष बना दिया। ढाक की गूंज और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला।

आयोजन में क्लब के उपाध्यक्ष समीर दास और शंकर मोहिता, सचिव बाबलू, तन्मय और बंटी तथा कोषाध्यक्ष शिबू चंद्र दत्ता और गौतम कुंडू सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

अपहृता बरामद, दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। इंद्रपुरी थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने थाना कांड संख्या 191/26 में अपहृता को बरामद कर लिया है। बरामद युवती को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 183 के तहत बयान दर्ज कराने के लिए न्यायालय भेजा गया है। वहीं, इंद्रपुरी थाना कांड संख्या 192/26, दिनांक 17 अक्टूबर 2026 के मामले में नामजद दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सुजानपुर गांव निवासी अभिषेक कुमार उर्फ सुखाड़ी और धीरेन्द्र दुबे, दोनों पिता राम अवध दुबे, थाना इंद्रपुरी, जिला-रोहतास के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार करने के बाद उचित सुरक्षा व्यवस्था के साथ मार्गरक्षी दल के माध्यम से न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेज दिया गया है।

मोहनिया में उत्पाद विभाग की कार्रवाई, 2 करोड़ की शराब नष्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भभुआ। बिहार के कैमूर जिले के मोहनिया में प्रशासन और उत्पाद पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब दो करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब को विनष्ट कर दिया है। यह पूरी प्रक्रिया जिलाधिकारी कुमार अनुराग के निर्देशानुसार और प्रशासनिक अधिकारियों की कड़ी निगरानी में संपन्न कराई गई है। मोहनिया के समेकित चेक पोस्ट पर प्रशासन की मौजूदगी में जप्त शराब को नष्ट करने की यह विशेष कार्रवाई की गई। इस दौरान सुरक्षा और पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखा गया ताकि पूरी प्रक्रिया नियमों के तहत विधिवत रूप से पूरी हो सके। विभिन्न मामलों में जब्त की गई कुल 13,340 लीटर और 255 मिलीलीटर शराब को जेसीबी मशीन की सहायता से पूरी तरह नष्ट किया गया। बाजार मूल्य के आधार पर विनष्ट की गई इस शराब की अनुमानित कीमत करीब दो करोड़ रुपये आंकी गई है। इस पूरी कार्रवाई के दौरान मजिस्ट्रेट सह अंचलाधिकारी निरंजन सुमन और उत्पाद चेक पोस्ट अधिकारी संतोष श्रीवास्तव मुख्य रूप से मौजूद रहे। बिहार में लागू शराबबंदी कानून के तहत जब्ती और निस्तारण की निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए यह कदम उठाया गया है।

महाशक्ति काली मंदिर में डॉ. निर्मल कुमार सिंह ने किया मां दुर्गा की प्रतिमा का अनावरण

61 वर्षों से हो रही पूजा, श्रद्धालुओं में उत्साह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। शहर के पूर्वी मोहन बिगहा स्थित महाशक्ति काली मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ. निर्मल कुमार सिंह ने विधिवत प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल रहा। महाशक्ति काली मंदिर में पिछले 61 वर्षों से नवरात्र के दौरान मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। यहां प्रत्येक वर्ष श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव से मां दुर्गा की आराधना करते हैं और दशहरा पर्व धूमधाम से मनाते हैं। वर्षों से चली आ रही यह परंपरा क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन गई है। प्रतिमा अनावरण के अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक डॉ. निर्मल कुमार सिंह, अध्यक्ष अजय कुमार सिंह उर्फ पलटू जी, उपाध्यक्ष संजय कुमार, सचिव अमित कुमार तिवारी उर्फ गप्पू तिवारी, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी धनंजय शर्मा सहित सदस्य शोभा चंद्रवंशी, लाल बिहारी सिंह, हरिओम जी, शंभू कुमार और चिंटू कुमार उपस्थित रहे। नवरात्र को लेकर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी हुई है। मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

पूजा उत्सव में भोजपुरी नाटक 'कलह' का मंचन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दावथ(रोहतास)। सूर्यपुरा गढ़ स्थित मां दुर्गा पूजा समिति ट्रस्ट कला मंडल द्वारा सप्तमी तिथि पर शनिवार की रात्रि 8 बजे नाटक कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज दिलीप कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष जनार्दन सिंह ने की जबकि संचालन मुकेश कुमार सिंह ने किया। जानकारी देते हुए समिति के सचिव सह मुखिया प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन एसडीएम दिलीप कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं तथा पर्व को शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी समृद्ध परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव को भी मजबूत करते हैं।

नवरात्र अनुष्ठान की पूर्णाहुति सह विजयोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास)। बिक्रमगंज प्रखंड के खैरा भूधर ग्राम में रविवार को श्रद्धापूर्वक एवं भक्तिमय वातावरण में नवरात्र अनुष्ठान की पूर्णाहुति सह विजय उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य जजमान प्रदेश कार्य समिति सदस्य किरण प्रभाकर एवं उनके पति शशि शेखर जी रहे। श्रीमती प्रभाकर ने आए हुए सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं तिलक-चंदन लगाकर स्वागत एवं सम्मान किया। पुरोहित की देखरेख में कन्या पूजन कार्यक्रम का भी वैदिक रीति से संपन्न किया गया। इस अवसर पर कन्या पूजन करते हुए उन्हें देवियों का स्वरूप समझ पूरे वैदिक विधान से पूजन एवं चंदन वंदन किया गया। इस अवसर पर किरण प्रभाकर ने मां दुर्गा से प्रार्थना करते हुए कहा कि जनमानस का बौद्धिक एवं आध्यात्मिक उन्नयन हो, हमारा समाज उन्नत एवं स्वच्छ बने। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर पूर्व विधायक राजेश्वर राज, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अखिलेश सिंह, जिला बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह, मंडल अध्यक्ष गौतम तिवारी, धनंजय सिंह, पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, कार्यकर्ता घनश्याम सिंह, विजय सिंह, रमाकांत तिवारी, लक्ष्मण पासवान, कपिल देव तिवारी, मुखिया राजेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में माताएं-बहनें उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन व्यवस्थित ढंग से किया गया।

लापता युवक मिला, परिजनों में हर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकोढी गोला (रोहतास)। 1 महीने से लापता युवक के मिलते ही परिवार खुशी से रो पड़ा। पिता और बड़े पापा की आंखों से आंसू थम नहीं रहे थे। परिजनों ने आयर कोठा थाने की पुलिस और रोहतास पुलिस को धन्यवाद दिया। 2 दिनों पूर्व रोहतास जिले के आयर कोठा बाजार पर आयर कोठा थाने की पुलिस को एक युवक मिला। बातचीत में वह अपना नाम और पता ठीक से नहीं बता पा रहा था, उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही थी। पुलिस उसे थाने परिसर में ले आई। थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने आसपास के थानों को सूचना दी और सोशल मीडिया पर युवक के मिलने की खबर चलवाई। पत्रकारों और सोशल मीडिया से जुड़े लोगों को भी इसकी जानकारी दी गई। जैसे ही सोशल मीडिया पर खबर चली, परिजनों ने पुलिस से संपर्क किया। थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि युवक की पहचान मोहम्मद अहमद उर्फ अमन, पिता मोहम्मद अली अहमद, उम्र 18 वर्ष, गांव मदुरा रानीगंज, थाना कोहडर, जिला प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई।

मां दुर्गा की कृपा से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि का हो संचार : डॉ. निर्मल कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। बारुण प्रखंड क्षेत्र के नव युवक संघ दुर्गा क्लब नाट्य कला मंच, ग्राम बर्डीकला में दुर्गा पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नाटक का मंचन किया गया जिसे देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ. निर्मल कुशवाहा ने कहा कि मां दुर्गा की कृपा से सभी विघ्न-बाधाएं समाप्त हों तथा प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में शुभता का संचार हो। उन्होंने कामना की कि मां दुर्गा के आशीर्वाद से समाज में सुख, शांति और समृद्धि का प्रकाश फैले। कार्यक्रम की अध्यक्षता चतुरी महतो ने की जबकि संचालन आनंद जी ने किया। इस अवसर पर पहुंचे अतिथियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ नीरज कुमार, माता देवरानी अस्पताल मोहन बिगहा से जुड़े प्रतिनिधि, जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ. निर्मल कुशवाहा, पंचायत प्रतिनिधि मंजीत सिंह, सरपंच, डब्लू मेहता, उपसरपंच धर्मेंद्र ठाकुर और पंचायत समिति प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

दुर्गा पूजा की धूम, शहरवासियों पर चढ़ा भक्ति और उमंग का रंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिले में दुर्गा पूजा का उत्साह चरम पर है। दस दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत षष्ठी से लेकर दशमी और प्रतिमा विसर्जन तक नवादा शहर पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूबा रहता है। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों, बाजारों, दुकानों, मुख्य मार्गों और गलियों को रंग-बिरंगी आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। माता के भव्य पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शाम होते ही शहर की रौनक देखते ही बन रही है।

नवादा में दुर्गा पूजा की शुरुआत के साथ ही रेलवे कॉलोनी स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में सबसे पहले माता का पट खोले जाने की परंपरा रही है। यहां षष्ठी के दिन बंगाली पद्धति से पूजा-अर्चना की जाती है और माता के दर्शन के लिए पट खोल दिया जाता है। इसके बाद धीरे-धीरे शहर के अन्य पूजा पंडालों में भी माता के दर्शन शुरू हो जाते हैं। पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगती है और पूरा शहर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठता है।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क

दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क हैं। शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए बड़े वाहनों और चारपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। शहर में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई है और विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के साथ सदर एसडीओ अमित अनुराग तथा एसडीपीओ हूलास कुमार सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं। सभी प्रमुख पूजा पंडालों में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन दस्ते की भी तैयारी की गई है। वहीं, भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की सहायता के लिए स्काउट एंड गाइड के छात्र-छात्राओं को विभिन्न पूजा पंडालों और मार्गों पर लगाया गया है।

जैसे-जैसे रात गहराती है, माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जाती है। शहर के विभिन्न इलाकों में मेले जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। खिलौने, चाट, पकौड़े, भुट्टे और अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानें सजी हुई हैं। ठेला और खोमचा लगाने वाले दुकानदार भी अपनी दुकानदारी में व्यस्त हैं।

पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता प्रेमचंद राम का निधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। नवादा के पूर्व सांसद और वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता कॉमरेड प्रेमचंद राम का दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नवादा जिले सहित बिहार के राजनीतिक और सामाजिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। कॉमरेड प्रेमचंद राम ने वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी माकपा के टिकट पर नवादा संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीतकर संसद में प्रवेश किया था। उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज नेता महावीर चौधरी को पराजित कर यह महत्वपूर्ण राजनीतिक उपलब्धि हासिल की थी। वे वर्ष 1996 तक नवादा के सांसद रहे और इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को संसद तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाई।

महावीर मार्किट, नवादा

भगत सिंह चौक, नवादा

काली जी काली चौक , नवादा

जवाहर नगर केसरी भवन के समीप, नवादा

कैमरे की नजर में

ठाकुरबाड़ी रोड, नवादा

गोंदापुर, नवादा

हटिया पर, अस्पताल रोड, नवादा

लिटिल फ्लावर, पार नवादा

बिजली ऑफिस, गया रोड, नवादा

चक्रवर्ती सम्राट , इंदिरा चौक, नवादा

महाअष्टमी पर देवी दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी के अवसर पर कौआकोल प्रखंड में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।।कौआकोल के दुर्गामण्डप मंदिर परिसर स्थित श्री श्री 108 श्री दुर्गा महारानी मंदिर में माता रानी के दर्शन-पूजन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। माता के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान होता रहा। महाअष्टमी के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं माता रानी की खोइच्छा भरने के लिए मंदिर पहुंचीं। सुबह से ही खोइच्छा भरने वाली महिलाओं की लंबी कतार लगी रही। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। भीड़ को नियंत्रित करने और पूजा-अर्चना में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती गई। वहीं, महाअष्टमी के अवसर पर देर शाम मंदिर परिसर में जागरण का आयोजन किया गया। जागरण को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। पूरे क्षेत्र में मां दुर्गा की भक्ति और आराधना से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

नारदीगंज रोड गढ़पर, नवादा

दुर्गा मंडप न्यू एरिया, नवादा

396 लोगों पर धारा 126 के तहत कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकबरपुर (नवादा)। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुल 396 लोगों के खिलाफ धारा 126 के तहत कार्रवाई की गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। शांति भंग करने की आशंका वाले व्यक्तियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 396 लोगों के खिलाफ धारा 126 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। प्रशासन का उद्देश्य क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकना और आम नागरिकों के बीच सुरक्षा का माहौल बनाए रखना है। थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। साथ ही, आम लोगों से शांति बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है। पुलिस ने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देने को कहा गया। किसी भी ऐसी गतिविधि में शामिल न हों, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

अगिया बैताल, अस्पताल रोड , नवादा

नालंदा

बड़ी पहाड़ी चौक पर दिखेगी कोणार्क सूर्य मंदिर की झलक

एक प्रतिमा में मां दुर्गा और काली के दर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। शारदीय नवरात्र में बिहारशरीफ का बड़ी पहाड़ी चौक इस बार भव्यता, कलात्मकता और धार्मिक सौहार्द का अनूठा संगम बनेगा। यहां ओडिशा के विश्वप्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर की तर्ज पर आकर्षक दुर्गा पूजा पंडाल तैयार किया जा रहा है। वहीं, एक ही प्रतिमा में मां दुर्गा और मां काली के दो अलग-अलग स्वरूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनेंगे। वर्ष 1981 से लगातार मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर रही श्री बड़ी दुर्गा पूजा समिति इस बार विशेष तैयारी में जुटी है। समिति के अध्यक्ष सुशांत कुमार ने बताया कि लगभग 70 फीट ऊंचे और 85 फीट चौड़े पंडाल के निर्माण में 1200 से अधिक बांसों का इस्तेमाल किया जाएगा। प्लाईवुड और थर्मोकोल पर बारीक नक्काशी कर कोणार्क सूर्य मंदिर की कलाकृति उकेरी जा रही है। रात में रंग-बिरंगी रोशनी से पंडाल की सुंदरता और निखरेगी। इस बार प्रतिमा भी खास होगी। झाझा के मूर्तिकार गोपाल जी इसे तैयार कर रहे हैं। प्रतिमा के सामने महिषासुर का वध करतीं मां दुर्गा दिखाई देंगी, जबकि पीछे मां काली का रौद्र स्वरूप नजर आएगा। शेर पर सवार मां की इस अनूठी प्रतिमा को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। पंडाल निर्माण की जिम्मेदारी झारखंड के मधुपुर निवासी मो. परवेज और उनकी 20 सदस्यीय मुस्लिम कारीगरों की टीम को सौंपी गई है। टीम बांस, प्लाईवुड और थर्मोकोल से पंडाल को आकर्षक रूप देने में जुटी है। यह सहभागिता आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश दे रही है। समिति की ओर से पूजा-अर्चना के साथ सामाजिक परंपराओं का भी निर्वहन किया जाता है। दशमी को प्रतिमा विसर्जन के बाद सदस्य मोहल्ले के घर-घर जाकर प्रसाद बांटते हैं। आयोजन को सफल बनाने में चंदन, चिंटू, दीपक, राजू, रंजीत, अमित, आकाश, सूरज, राहुल, रॉकी, राजा, निरंजन, विक्की, सोनू सहित अन्य सदस्य जुटे हैं।

डूबने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

करायपरशुराय। चिकसौरा थाना क्षेत्र के मुसाढ़ी गांव में शनिवार दोपहर लोकाइन नदी में डूबने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी मोती पासवान के इकलौते पुत्र झुलन कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में मातम पसरा है।मिली जानकारी के अनुसार, झुलन कुमार शनिवार दोपहर लोकाइन नदी में नहाने गया था। इसी दौरान नदी में अधिक गहराई वाले स्थान पर उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने नदी में उसकी तलाश शुरू की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे का शव बरामद किया गया। परिवार के इकलौते बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर चिकसौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष सिंधु सौरव ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

बिहारशरीफ। जिले में शनिवार की शाम दो अलग-अलग घटनाओं में एक अज्ञात युवक और एक महिला की मौत हो गई। सोहसराय थाना क्षेत्र में सदर अस्पताल के समीप नाले से एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया। वहीं, नूरसराय थाना क्षेत्र में हिलसा रोड पर हाइवा की टक्कर से ई-रिक्शा सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य महिलाएं घायल हो गईं। पहली घटना सोहसराय थाना अंतर्गत मगध कॉलोनी में सदर अस्पताल के समीप हुई। शनिवार की शाम नाले में युवक का शव देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया। घटनास्थल पर नाले में एक साइकिल भी गिरी हुई मिली। पुलिस आशंका जता रही है कि साइकिल समेत नाले में गिरने के कारण युवक की मौत हुई होगी। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरी घटना नूरसराय थाना क्षेत्र के हिलसा रोड पर चूहरमल मंदिर के समीप हुई। यहां हाइवा की टक्कर से ई-रिक्शा सवार बृजपुर गांव निवासी संजय पासवान की पत्नी अनिता देवी की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य महिलाएं घायल हो गईं। परिजनों के अनुसार, चारों महिलाएं ई-रिक्शा पर सवार होकर बड़ी दुर्गा स्थान में पूजा-अर्चना करने जा रही थीं। इसी दौरान हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले में अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

बिहारशरीफ। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नालंदा जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सिलाव थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 200 ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, सिलाव बाजार से राजगीर जाने वाले मार्ग पर टीवीएस शोरूम से पहले छापेमारी कर युवक को गांजा के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार युवक की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के गोरमा गांव निवासी श्रवण मालाकार के पुत्र शंभू कुमार के रूप में की गई है।इस मामले में सिलाव थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चला रही है।

मां महागौरी की पूजा के लिए उमड़े श्रद्धालु

राजगीर। शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर रविवार को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा की। सुबह से ही पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ी, जिन्होंने सुख-शांति की कामना की। शहर के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, कुंड क्षेत्र, राजगीर बाजार, बंगाली पाड़ा, निचली बाजार, धुर्वा मोड़ और नई पोखर मोड़ समेत कई जगहों पर पूजा पंडाल सजे हैं। बिजली की लाइटों से जगमगाते इन पंडालों को देखने शाम को भीड़ उमड़ रही है। पंडित आशुतोष कुमार पांडे ने बताया कि मां महागौरी की पूजा से सुख, सौभाग्य और समृद्धि मिलती है। मान्यता है कि शिव को पति रूप में पाने के लिए पार्वती ने कठोर तपस्या की, जिससे उनका रंग काला पड़ गया। शिव के प्रसन्न होने पर उन्हें गोरा रंग मिला और वे महागौरी कहलाईं। दुर्गापूजा के दौरान भीड़ को देखते हुए पूजा पंडालों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। कानून-व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात है, ताकि श्रद्धालु शांति से दर्शन और पूजा कर सकें।

माता की गोद भराई को उमड़ी महिलाओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर रविवार को बिहारशरीफ के विभिन्न पूजा पंडालों और मंदिरों में मां दुर्गा की गोद भराई के लिए महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु महिलाएं पूजा की थाली, चुनरी, नारियल, फल, मिठाई और श्रृंगार की सामग्री लेकर माता के दरबार में पहुंचने लगीं। भैंसासुर, पुलपर, मोहद्दीनगर और सोहसराय समेत शहर के कई मोहल्लों में स्थित पूजा पंडालों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। महाअष्टमी के पावन अवसर पर महिलाओं ने विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर गोद भराई की रस्म निभाई। इस दौरान उन्होंने परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की खुशहाली, वैवाहिक जीवन की मंगलकामना और घर में सुख-शांति बनाए रखने की प्रार्थना की। माता के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां दुर्गा को चुनरी, नारियल, फल, मिठाई और श्रृंगार की सामग्री अर्पित कर गोद भराई करने से भक्तों को माता का आशीर्वाद प्राप्त होता है। श्रद्धालु महिलाएं इस परंपरा को आस्था, समर्पण और पारिवारिक मंगलकामना का प्रतीक मानती हैं। महाअष्टमी पर माता के दरबार में पूजा-अर्चना करने के लिए महिलाओं में खास उत्साह देखने को मिला। भैंसासुर मोहल्ले की रीता देवी ने बताया कि वह हर साल महाअष्टमी पर मां दुर्गा के दर्शन और गोद भराई के लिए आती हैं। वहीं, पुलपर की विंध्यवासिनी कुमारी ने कहा कि माता के दरबार में पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति और खुशहाली की कामना की है।श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पूजा समितियों के सदस्य व्यवस्था संभालते नजर आए। सुबह से देर तक माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।

वंदे मातरम् कैंप में राजगीर के दो छात्रों ने किया बिहार का प्रतिनिधित्व

वाराणसी में सात दिवसीय शिविर के दौरान राष्ट्रभावना, संविधान और सांस्कृतिक विरासत से हुए रूबरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

राजगीर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माई भारत के तत्वावधान में वाराणसी में आयोजित सात दिवसीय वंदे मातरम् कैंप में राजकीय स्नातक महाविद्यालय, राजगीर के दो छात्रों अभिषेक कुमार और चंदन कुमार ने बिहार का प्रतिनिधित्व किया। इस शिविर में छह राज्यों के युवाओं ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभावना, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता के सम्मान और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना था।कैंप के दौरान प्रतिभागियों की दिनचर्या सर्वधर्म प्रार्थना और देशभक्ति गीतों से शुरू होती थी। इसके बाद योग, व्यायाम, पारंपरिक खेल, श्रमदान, स्वच्छता अभियान और पदयात्रा जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रतिभागियों को 'वंदे मातरम्' के ऐतिहासिक महत्व, भारतीय संविधान की प्रस्तावना और मौलिक कर्तव्यों पर भी विचार-विमर्श करने का अवसर मिला। इसके अलावा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की विविधता में एकता का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने काशी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी करीब से जाना। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद प्रकाश गुप्ता ने दोनों छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कैंप के दौरान प्राप्त अनुभवों और सीख को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा समाज और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाएं। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने भी अभिषेक कुमार और चंदन कुमार को महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उत्पाद सिपाही अजित की मौत पर सीपीआईएम ने उठाई न्याय की मांग

पत्नी को नौकरी और 50 लाख मुआवजे की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नगरनौसा। उत्पाद सिपाही अजित कुमार की गोली लगने से हुई मौत के मामले में रविवार को सीपीआईएम का प्रतिनिधिमंडल नगमा गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और राज्य सरकार से पीडित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। सीपीआईएम के वरिष्ठ नेता जनार्दन प्रसाद ने बताया कि 14 अक्टूबर की रात नवादा-नालंदा सीमा पर खरात मोड़ के पास मद्य निषेध विभाग के सिपाही अजित कुमार की गोली लगने से मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि गोली विभाग में तैनात एक होमगार्ड जवान की राइफल से चली थी।मृतक के पिता मदन प्रसाद ने बताया कि उनका बेटा मिलनसार स्वभाव का था। वह 13 अक्टूबर को पटना में ड्यूटी करने के लिए घर से निकला था। 14 अक्टूबर की रात पहले फोन पर बेटे के दुर्घटना में घायल होने की सूचना दी गई। करीब आधे घंटे बाद उन्हें गोली लगने की जानकारी मिली। मदन प्रसाद ने घटना को प्रेम प्रसंग से जोड़कर पेश किए जाने वाली खबरों का खंडन किया। उन्होंने ऐसी खबरों को अपने पुत्र की छवि खराब करने की साजिश बताया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार से मृतक की पत्नी को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी देने, परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा पांच वर्षीय बच्ची के भरण-पोषण की जिम्मेदारी उठाने की मांग की। इस मौके पर किसान सभा के सचिव विश्वानंद यादव, लोकल सचिव सुरेश प्रसाद, नरेश प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

गिरियक-पावापुरी में जयकारों से गूंजे देवी मंदिर और पूजा पंडाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरियक। शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर रविवार को गिरियक-पावापुरी क्षेत्र आस्था और भक्ति के रंग में सराबोर रहा। मां महागौरी की पूजा-अर्चना के लिए देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही पूजा स्थलों पर भक्तों की आवाजाही लगी रही। घंटियों की मधुर ध्वनि, शंखनाद और मां दुर्गा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।इस अवसर पर महिलाओं ने मां के दरबार में गोद भराई की रस्म निभाई और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली तथा मंगलमय जीवन की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां महागौरी की आराधना से भक्तों को सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा कर माता के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की।अष्टमी की रात विभिन्न स्थानों पर आयोजित देवी जागरण में भक्ति की धारा बहती रही। माता के भजनों और देवी गीतों पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। 'जय माता दी' के जयकारों से पूजा पंडाल गूंजते रहे। गांवों में पारंपरिक पूजा-पाठ और सामूहिक भक्ति के आयोजनों ने नवरात्र की रौनक बढ़ा दी।नवरात्र के अंतिम चरण में सोमवार को महानवमी पर हवन, कन्या पूजन और पूर्णाहुति की तैयारी की गई है। पंडित उमाशंकर उपाध्याय ने बताया कि कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनकी पूजा की जाएगी। इसके बाद उन्हें भोजन कराकर उपहार और दक्षिणा दी जाएगी। हवन एवं पूर्णाहुति के साथ श्रद्धालु अपनी नवरात्र साधना संपन्न करेंगे और मां दुर्गा से परिवार व समाज की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना करेंगे।

कन्या पूजन नारी सम्मान और सामाजिक समरसता का प्रतीक : डॉ. प्रेम कुमार

नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव भी पूजा में हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि कन्या पूजन भारतीय संस्कृति, नारी सम्मान, सामाजिक समरसता और सेवा भाव का प्रतीक है। वे गयाजी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में गयाजी सेवा भारती की ओर से आयोजित कन्या पूजन महोत्सव-2026 में नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव के साथ शामिल हुए। इस दौरान 2100 कन्याओं का सामूहिक पूजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने आयोजन की सराहना करते हुए बालिका शिक्षा, सुरक्षा, समानता और महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने का आह्वान किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना और कन्या पूजन के माध्यम से बालिकाओं में देवी का स्वरूप देखा जाता है। कन्या पूजन तभी सार्थक होगा जब प्रत्येक बेटी को सम्मान, शिक्षा, सुरक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलेंगे। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ सामाजिक समरसता और सेवा की भावना मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है। गयाजी सेवा भारती जरूरतमंद परिवारों की सहायता और बच्चों में संस्कार विकसित करने का सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने संस्था के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और सहयोगियों के समर्पण की प्रशंसा की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिया गया 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मंत्र समावेशी विकास का आधार है। गयाजी और बोधगया की धरती विश्व को शांति, करुणा और मानव कल्याण का संदेश देती है। उन्होंने युवाओं से संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने तथा समाज सेवा को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। अंत में उन्होंने गयाजी सेवा भारती को आयोजन के लिए बधाई देते हुए मां दुर्गा से सभी के सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्य की कामना की।

यक्षिणी भवानी धाम पहुंचे विधायक आलोक कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विक्रमगंज (रोहतास)। शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी के पावन अवसर पर दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह ने सिद्धपीठ मां यक्षिणी भवानी धाम भलुनी पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां महागौरी के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर महाआरती में भाग लिया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। विधायक ने मां के चरणों में शीश नवाकर दिनारा विधानसभा क्षेत्र के सभी परिवारों, अन्नदाता किसानों, माताओं-बहनों, युवाओं और समस्त प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। उन्होंने कामना की कि मां यक्षिणी भवानी की कृपा से हर घर में सुख-शांति बनी रहे, अन्याय और अंधकार का नाश हो तथा दिनारा विधानसभा क्षेत्र विकास और खुशहाली के नए आयाम स्थापित करे। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और भक्तिमय वातावरण बना रहा। विधायक के पहुंचने पर स्थानीय पुजारियों और श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। पूजा-अर्चना के बाद विधायक ने आम लोगों से मुलाकात कर उन्हें नवरात्र की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र के विकास के लिए सभी के सहयोग की अपील की। दूसरी और काराकाट विधानसभा क्षेत्र से विधायक अरुण सिंह ने भी विभिन्न पूजा पंडालों एवं मुख्य बाजारों का भ्रमण कर विधि व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों से मुलाकात कर परिस्थितियों को जानने का प्रयास भी किया। दुर्गा पूजा के दौरान उन्होंने सबके मंगल करने की कामना की।

पंडाल में डीजे नहीं, गूंजते हैं महिलाओं के पारंपरिक भजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



भभुआ। शहर में शारदीय नवरात्रि की धूम के बीच एक अनोखा और भक्तिमय नजारा देखने को मिल रहा है जो पूरे कैमूर जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। जिला मुख्यालय भभुआ में इस बार दुर्गा पूजा का त्योहार अपनी पूरी भव्यता और सांस्कृतिक विरासत के साथ मनाया जा रहा है। शहर के वार्ड 19 में बाईपास युवा वीर मण्डल समिति के पंडाल में शाम की आरती के बाद किसी लाउड म्यूजिक या रिकॉर्डेड गानों के बजाय भजन गायन स्थानीय महिलाओं की टोली संभालती है।

हर शाम सजती है महिलाओं की 'भजन मंडली'

बाईपास युवा वीर मण्डल समिति के इस पूजा पंडाल में भारतीय परिधान में सजी ये महिलाएं माता रानी के दरबार में बैठकर पारंपरिक देवी गीतों और भजनों का गायन करती हैं। पारंपरिक वाद्य धुन पर जब महिलाओं की आवाज हवा में गूंजती है तो वहां मौजूद हर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो जाता है। 'निमिया के डाढ़ मइया', 'सुन मइया मोरी' और मां दुर्गा की पारंपरिक स्तुति व आरती से पूरा परिसर गुंजायमान रहता है। भजन गाने वाली महिलाओं का कहना है आजकल पंडालों में कानफोड़ू डीजे का चलन बढ़ गया है जिससे पूजा की शांति भंग होती है। हम सब महिलाएं हर शाम यहां इकट्ठा होकर शुद्ध अंतःकरण से मां की आराधना करती हैं जिससे मन को असीम शांति मिलती है।

थानाध्यक्ष माला कुमारी ने पूजा पंडाल का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरारू। शनिवार की दो महीनों से थानाध्यक्ष का खाली पद को संभालते हीं माला कुमारी के थाना क्षेत्र में स्थापित पूजा पंडालों का दौरा कर जाएजा लिया और पूजा कमीटियों को आवश्यक निर्देश दिया। फ्लैगमार्च में थाना में पदस्थापित करीब-करीब सभी पुलिस पदाधिकारी एवं सिपाही सम्मिलित रहे। प्रभारी थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने नव थानाध्यक्ष को क्षेत्र के बारे में ब्रीफ किया। माला कुमारी की इस कर्तव्यनिष्ठा से क्षेत्र में इस पर्वो के मौसम में काफी खुशी हुई एवं उचित पुलिसिंग की आशा जाग उठी। इस संबंध में थानाध्यक्ष माला कुमारी ने कहा कि मेरी प्राथमिकता क्षेत्र में विधि व्यवस्था को संधारित करना एवं शांति व्यवस्था ईमानदारी पूर्वक कायम करना होगा। कोई भी पीड़ित बेझिझक अपनी समस्या को लेकर आयें, उन्हें कानून के प्रावधानानुसार निश्चित समस्या का निराकरण किया जाएगा।

मां तारा महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब

अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, मंत्री संतोष कुमार सुमन और डॉ. अनिल कुमार समेत प्रमुख अतिथियों ने किया उद्घाटन व संबोधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। केसपा गांव में रविवार को मां तारा महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन और राज्य स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य डॉ. अनिल कुमार की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों ने अतिथियों को पौधा भेंटकर सम्मानित किया। महोत्सव स्थल मां तारा के जयकारों से गूंज उठा। महोत्सव को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी प्राचीन परंपराओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मां तारा देवी मंदिर ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व रखता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने और विकसित बिहार के साथ विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की अपील की। लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा कि सनातन धर्म आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। केसपा एक पवित्र स्थान है और यहां आकर वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने डॉ. अनिल कुमार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वह टिकारी के विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं। केसपा महोत्सव को राजकीय महोत्सव का स्वरूप दिलाने में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि टिकारी ने हम पार्टी को बहुत कुछ दिया है। टिकारी उनके दिल में बसता है और क्षेत्र की सेवा व विकास के लिए वह हमेशा साथ रहेंगे।

कोंच में उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा का तीसरा सम्मेलन आयोजित

किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने पर बनी योजना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच (गयाजी)। प्रखंड के चबूरा में शनिवार को उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा (इकाई-कोंच) का तीसरा एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। अध्यक्षता सरपंच चंचल कुमार ने की जबकि संचालन सह सचिव अशोक यादव ने किया। मुख्य अतिथि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष नंदलाल सिंह यादव ने झंडोत्तोलन किया और शहीद किसानों-मजदूरों को श्रद्धांजलि देकर पुष्प अर्पित किया। सम्मेलन में वक्ताओं ने मोर्चा के पिछले कार्यों की समीक्षा की। आगे की लड़ाई कैसे लड़ी जाए और किसानों के खेतों में जल्द से जल्द पानी कैसे पहुंचे, इसको लेकर विस्तृत चर्चा कर योजना तैयार की गई। स्वागत भाषण कोषाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार ने दिया। मौके पर डॉ. रामानन्द यादव, सुंदरदेव यादव, संतोष यादव, गोरेलाल, लालदेव ठाकुर, सुखेन्द्र यादव समेत कई किसान मौजूद थे।

पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र : डीएम ने मतपत्र विखंडन और सामग्री कोषांग का किया औचक निरीक्षण

पैकेटों के सत्यापन का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के आगामी चुनाव को निष्पक्ष, सुचारु और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। इसी कड़ी में सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी (डीएम) कुंदन कुमार ने पटना जिला अंतर्गत मतदान केंद्रवार मतपत्रों के विखंडन कार्य और सामग्री कोषांग का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को संपूर्ण प्रक्रिया में पूरी सतर्कता, पारदर्शिता और सावधानी बरतने का सख्त निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जिस मतदान केंद्र के लिए जितनी संख्या में मतपत्र निर्धारित हैं, उसी के अनुरूप उनका सटीक विखंडन और पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर थोड़ी सी भी चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अक्षरशः अनुपालन करते हुए हर स्तर पर कड़ी निगरानी रखी जाए ताकि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहे। सामग्री कोषांग के निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रवार तैयार किए जा रहे मतदान सामग्री पैकेटों की गहनता से जांच की।

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : Janata Dal (United)

*** Name of the Election : Election to the Legislative Council from Tirhut Graduates Constituency**

Name of State : Bihar

1	2	3	4		5		
SL. No	Name of constituency	Name of candidate	(A) Pending criminal cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	Tirhut Graduated Constituency	Abhishek Jha	1. C.J.M., Patna, IPC Section 341, 323, 504,506, 385/34, Charge framed 2. ACJM IV Patna, IPC Section 448, 341, 323, 506, 504, 354, 385, 379/34, Pending	1) Complain Case No.- 18/2015, P.S. Pirabahore, Patna 2) Case No.- 106/2016 P.S. Shastri Nagar, Patna	No	No	No

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

सिद्ध काव्य वाटिका में 77वीं कवि गोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। बड़की डेल्हा, खरखुरा रोड स्थित सिद्ध काव्य वाटिका में 77वीं कवि गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार नंद किशोर सिंह की अध्यक्षता में उल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 'कली केलि' कविता के पाठ से हुआ। गोष्ठी में श्यामसुंदर मिश्र ने 'माता की विदाई', अजय कुमार शास्त्री ने 'तरुणी', दशरथ प्रसाद ने 'ठहाका', श्रीमोहन मिश्र ने 'भारत भू महान' तथा रणजीत कुमार ने 'राम तेरा अभिनन्दन' कविता के माध्यम से भगवान श्रीराम की स्तुति प्रस्तुत की। प्रभानन्द, वैष्णव, मदन पाठक, धर्मेन्द्र कुमार, त्रिगुणानन्द रानी कुमारी, बिन्दु देवी ने भी अपनी-अपनी रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को भावविभोर किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अभयानन्द मिश्र ने अपनी कविता 'जय दुर्गे जगजननी भवानी' के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना की। गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं के जरिए भक्ति, भारतीय संस्कृति, सामाजिक सरोकारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

बिहार की पंचायतों में महिला नेतृत्व से संवर रही गांवों की तस्वीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में स्थानीय नगर निकायों और पंचायत स्तरीय चुनावों में वर्ष 2006-07 में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने की शुरुआत की गई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी एनडीए की सरकार ने यह ऐतिहासिक निर्णय लिया था जिसका सार्थक असर आज व्यापक रूप से दिखने लगा है। महिला जनप्रतिनिधियों के स्तर से बदलाव की नई इबारत गढ़ने का सिलसिला निरंतर जारी है। इस दुर्गा पूजा के अवसर पर इन्हें दुर्गा के नौ रूपों में एक के तौर पर देखने बेहद प्रासंगिक होगा। स्थानीय नेतृत्व और प्रगतिशील सोच के साथ ही सम्राट चौधरी सरकार के खास सहयोग से विकास ने अपना रास्ता अख्तियार कर लिया है। पंचायतें इसी बदलाव की गवाह बन रही हैं। यहां महिला मुखिया, जनप्रतिनिधि, वार्ड सदस्य और जीविका दीदियां वर्षों पुरानी रूढ़िवादी सोच से इतर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई कहानी लिख रही है। इन्होंने यह साबित कर दिया है कि एक सही अवसर और समान अधिकार देकर इन्हें हर क्षेत्र में सशक्त बनाया जा सकता है। पंचायत और स्थानीय नगर निकाय स्तर पर यह पूरी तरह खरी उतर रही है।

FORMAT C-1

(for candidate to publish in News papers, TV)

Declaration about Criminals Cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : **Sri Abhishek Jha**

Name of Political Party: **Janata Dal (United)**

(Independent candidates should write "independent "here)

Name of Election : Election to Legislative Council from Tirhut Graduates Constituency

***Name of Constituency : Tirhut Graduates Constituency**

I, **Sri Abhishek Jha** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl.No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case (s)	Section (s) of Acts concerned and brief description of offence (s)
1	1. C.J.M., Patna 2. ACJM IV Patna	1) Complain Case No.- 18/2015, P.S. Pirabahore, Patna 2) Case No.- 106/2016 P.S. Shastri Nagar, Patna	1. Charge framed 2. Pending	1. IPC Section 341, 323, 504,506, 385/34 2. IPC Section 448, 341, 323, 506, 504, 354, 385, 379/34

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl.No.	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & Punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1	NA	NA	NA

डालमियानगर में 60 फीट ऊंचा और 4 टन वजनी रावण का पुतला तैयार, रिमोट से होगा दहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डालमियानगर में रोहतास क्लब द्वारा झंडा चौक मैदान में दशहरा पर होने वाले रावण-दहन की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इस बार दशमी को होने वाले रावण दहन के लिए 60 फीट ऊंचा और 4 टन वजनी सुसज्जित पुतला बनाया जा रहा है जो गुजराती लुक में दिखेगा। देश की आजादी से पूर्व रोहतास उद्योग समूह की स्थापना के समय से ही वर्ष 1934 से रावण-दहन का कार्यक्रम किया जा रहा है। पिछले 92 वर्षों से यह परंपरा निरंतर चली आ रही है। इसमें क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु आते हैं और हजारों की भीड़ जुटती है। कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के अनुसार पुतले को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रोहतास क्लब दुर्गा पूजा समिति की ओर से पुतला बनाने का कार्य चल रहा है। गुड्डू शर्मा, शत्रुघ्न, जुना सहित दर्जनों कारीगर पुतला बना रहे हैं। इस वर्ष पुतला विशेष कारीगरों की देखरेख में रिमोट से संचालित बनाया जा रहा है। इसे रंग-बिरंगे परिधानों से भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। रावण का पुतला 60 फीट लंबा है। सीना 12 फीट चौड़ा और घाघरा 10 फीट चौड़ा है। पुतले के एक हाथ में ढाल और दूसरे हाथ में तीर-धनुष रहेगा। पुतले में सैकड़ों के पटाखे लगाए जा रहे हैं। 4 टन वजनी पुतले के बेस को सेट करने में जेसीबी की मदद ली गई और स्थानीय लोगों का सहयोग रहा। सुरक्षा को लेकर चारों तरफ 500 फीट की बाउंड्री में तार से घेराबंदी की जा रही है। रावण दहन शुरू होने से पहले कमेटी की ओर से दर्जनों नीलकंठ और गुब्बारे छोड़े जाते हैं। अध्यक्ष ने बताया कि बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारे के प्रतीक के रूप में दुर्गा पूजा में नीलकंठ छोड़ना शुभ माना जाता है।

संपादकीय

धर्मांतरण पर आरक्षण : सही फैसला

देश की सर्वोच्च अदालत ने हिंदू धर्म छोड़ कर गैर हिंदू धर्मों को अपनाने के बाद भी जातिगत आरक्षण देने को लेकर सही और दूरगामी फैसला दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि हिंदू तथा सिख एवं बौद्ध, जो हिंदू धर्म से से निकली शाखाएं हैं, के अनुयायियों को छोड़कर अन्य धर्मों के लोग जातिगत आरक्षण का लाभ स्वतः नहीं ले सकते। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला तमिलनाडु सरकार की एक याचिका पर दिया है। कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है कि किसी व्यक्ति द्वारा इस्लाम अथवा ईसाई धर्म अपना लेने के बाद अपनी पूर्व की हिंदू जाति के आधार पर आरक्षण का दावा करना असंवैधानिक है। मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के उस फैसले को रद्द कर दिया था, जिसमें धर्म बदलकर मुस्लिम बने लोगों को आरक्षण देने का फैसला किया गया था। दरअसल, तमिलनाडु सरकार ने मार्च 2024 में एक आदेश जारी किया था। इसके तहत पिछड़े वर्ग, अति पिछड़े वर्ग, कुछ अधिसूचित समुदायों और अनुसूचित जाति से इस्लाम अपनाने वाले लोगों को पिछड़े मुस्लिम वर्ग के तहत प्रमाणपत्र देकर आरक्षण का लाभ देने की व्यवस्था की गई थी। मद्रास हाईकोर्ट ने इस आदेश को रद्द कर दिया था। यह तमिलनाडु सरकार द्वारा राजनीतिक कारणों से लिए गए फैसले को भी झटका है। सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय खंडपीठ न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति चंद्रशेखर की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका को खारिज कर दिया। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि इस्लाम अपनाने वाला कोई व्यक्ति केवल धर्म परिवर्तन के आधार पर 'पिछड़ा वर्ग (मुस्लिम)' श्रेणी के तहत आरक्षण का दावा नहीं कर सकता। कोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखते हुए, जिसने धर्म परिवर्तन करने वाले मुसलमानों को आरक्षण देने संबंधी तमिलनाडु सरकार की अधिसूचना को रद्द कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसमें किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट ने कहा कि हिंदू सामाजिक व्यवस्था से गैर-हिंदू सामाजिक व्यवस्था में धर्म बदलने वाला व्यक्ति केवल अपने पुराने धर्म की सामाजिक पिछड़ेपन की स्थिति के आधार पर संविधान के अनुच्छेद 16(4) के तहत आरक्षण का दावा नहीं कर सकता। धर्म बदलने पर पुराने धर्म की सामाजिक व्यवस्था नए धर्म में स्वतः लागू नहीं हो सकती। यहां तक कि धर्मांतरिक व्यक्ति अगर फिर से अपने पुराने धर्म में लौटना चाहे तो भी वह अपनी पूर्व जाति में स्वयं नहीं लौट सकता। गौरतलब है कि विगत 7 अगस्त को, शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा दायर याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। राज्य सरकार की अपील में कहा गया था कि यह फैसला ऐसे महत्वपूर्ण सवाल खड़े करता है जो एक विशेषज्ञ वैधानिक आयोग की सिफारिशों के आधार पर बनाई गई कार्यकारी नीति में हस्तक्षेप के दायरे से जुड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी भी की कि केवल धर्म परिवर्तन के आधार पर आरक्षण का लाभ देना एक 'कृत्रिम वर्ग' का निर्माण करता है। पिछले कुछ सालों में वोटों की राजनीति के चलते इस्लाम अपनाने वाली कई जातियों को ओबीसी तथा ईसाई धर्म स्वीकार करने वालों को एससी/एसटी के तहत आरक्षण देने की चाल चली जा रही थी। यानी ये लोग सामाजिक समता के नाम पर धर्म भी बदल रहे थे और दूसरी तरफ हिंदू धर्म में व्याप्त छुआछूत की बुराई की दुहाई देकर आरक्षण का लाभ भी ले रहे हैं। ये दोगलापन नहीं चल सकता। राजनीतिक दृष्टि यह फैसला भाजपा के अनुकूल ही है। आम लोगों के लिए संदेश यही है कि या तो धर्म बदल कर सामान्य श्रेणी में जाएं अथवा हिंदू/ बौद्ध/? सिख रहकर आरक्षण का लाभ उठाएं।

'शरद' दस्तक दे रहा, 'हेमंत' आने को है

डॉ ध्रुव कुमार

ऋतुएँ आती हैं और चली जाती हैं। लेकिन उनका आना-जाना केवल मौसम का बदलना नहीं होता। वे अपने साथ प्रकृति के रंग, गंध और संगीत ही नहीं लातीं, मनुष्य के भीतर भी कुछ बदल जाती हैं। कभी मन में हरियाली उग आती है, कभी स्मृतियों के पत्ते झरने लगते हैं और कभी कोई अनजाना मौसम भीतर के किसी बंद दरवाजे पर दस्तक देने लगता है।

वर्षा की चंचलता अब धीरे-धीरे विदा हो रही है। बादलों की आवाजाही कम हो चली है। आकाश जैसे अपने चेहरे से धुंध की चादर हटा रहा है। धुले हुए नीले आकाश के नीचे धरती का रूप निखर आया है। खेतों में हरियाली है, पेड़ों की पत्तियों पर ठहरी हुई चमक है और हवा में एक ऐसी शीतलता घुलने लगी है, जिसे त्वचा से अधिक मन महसूस करता है।

शरद का आगमन किसी उत्सव की घोषणा की तरह नहीं होता। वह चुपचाप आता है। उसकी आहट बहुत धीमी होती है, लेकिन उसकी उपस्थिति को प्रकृति का कोई भी सजग मन अनदेखा नहीं कर सकता। वर्षा के बाद जब आकाश निर्मल होता है, बादल दूर चले जाते हैं और रात के आकाश में चंद्रमा अपनी पूरी आभा के साथ उतरता है, तब लगता है, प्रकृति ने जैसे स्वयं को स्नान कराकर नए वस्त्र धारण कर लिए हों। शरद की सबसे बड़ी विशेषता शायद उसकी निर्मलता ही है। वह प्रकृति को केवल सुंदर नहीं बनाता, उसे पारदर्शी भी बना देता है। आकाश दूर तक दिखाई देता है, चाँदनी देर तक ठहरती है और हवा में एक ऐसी स्वच्छता होती है जो मन के भीतर तक उतर जाती है।

शरद की रातों में चंद्रमा कुछ अधिक निकट लगता है। उसकी रोशनी में आँगन का सन्नाटा भी कविता बन जाता है। छत पर बैठकर आकाश को निहारते हुए लगता है कि तारों ने कोई पुराना गीत फिर से शुरू कर दिया है। कहीं दूर किसी मंदिर की घंटी बजती है, किसी पेड़ से पत्ते की हल्की-सी सरसराहट सुनाई देती है और मन अनायास ही उन दिनों में लौट जाता है, जब रातें मोबाइल की रोशनी से नहीं, चाँदनी से जगमगाती थीं।

शरद केवल बाहर नहीं उतरता, वह भीतर भी उतरता है। शायद इसीलिए शरद का मौसम हमें अपने भीतर झाँकने के लिए विवश करता है। वर्षा की तरह उसमें उच्छृंखलता नहीं, वसंत की तरह उन्माद नहीं और ग्रीष्म की तरह तपन नहीं। उसमें एक ठहरी हुई शांति है, जैसे जीवन ने बहुत कुछ देख लेने के बाद चुप रहना सीख लिया हो।

लेकिन ऋतुचक्र किसी एक जगह ठहरता कहाँ है! शरद अभी पूरी तरह आया भी नहीं कि उसकी देहरी पर हेमंत की आहट सुनाई देने लगी है।

सुबह की हवा में हल्की ठंड घुल गई है। सूरज की किरणें अब तपाती नहीं, सहलाती हैं। सुबह की धूप में बैठना अच्छा लगने लगा है। पेड़ों की छाया में खड़े होकर हवा को महसूस करें तो उसमें मौसम बदलने का संकेत स्पष्ट सुनाई देता है। रातें लंबी होने लगी हैं और सुबहें कुछ देर से खुलती हैं,

हेमंत आने को है।

हेमंत ऋतुओं के बीच एक सुंदर पड़ाव है। वह शरद की निर्मलता को अपने साथ लेकर आता है और शिशिर की ठिठुरन के लिए प्रकृति को तैयार करता है। उसके आने में न शिशिर की कठोरता है, न ग्रीष्म की बेचैनी। वह एक संतुलित ऋतु है, जैसे जीवन में अनुभव और परिपक्वता के बीच का कोई शांत पड़ाव।

खेतों की ओर देखें तो प्रकृति का एक दूसरा ही रूप दिखाई देता है। धान की बालियाँ पकने लगी हैं। कहीं कटनी की तैयारी है तो कहीं खेतों में रबी की फसल के लिए किसान अपनी जमीन तैयार कर रहा है। गेहूँ, चना, मसूर, मटर और सरसों की उम्मीदें मिट्टी के भीतर आकार लेने लगी हैं।

किसानों के लिए ऋतु केवल मौसम नहीं होती। उसके लिए ऋतु भविष्य की भाषा है।

आकाश का रंग देखकर वह आने वाले दिनों को पढ़ता है। हवा का रुख देखकर खेती की संभावना समझता है। बारिश की मात्रा में वह अपने परिवार का सुख-दुख देखता है। खेत उसके लिए केवल जमीन का टुकड़ा नहीं, जीवन की खुली किताब है। और शायद यही भारतीय जीवन की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ ऋतुएं कैलेंडर के पन्नों पर नहीं बदलतीं, वे लोकजीवन में बदलती हैं।

शरद आते ही त्योहारों की कतार दिखाई देने लगती है। नवरात्र, दुर्गापूजा, दशहरा, दीपावली और फिर लोक आस्था का महान पर्व छठ। प्रकृति और संस्कृति जैसे एक-दूसरे का हाथ थाम लेते हैं। बिहार की धरती पर शरद का अर्थ छठ के बिना अधूरा है। जब डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए घाटों पर जनसमुद्र उमड़ता है, तब लगता है कि मनुष्य प्रकृति के सामने अपने अहंकार को रखकर कृतज्ञता का दीप जला रहा है। छठ केवल पर्व नहीं, प्रकृति के प्रति मनुष्य की विनम्रता का संस्कार है।

शरद के बाद हेमंत आएगा। उसके साथ सुबह की धुंध कुछ और गहरी होगी। अलाव के चारों ओर बैठने का मौसम आएगा। धूप की कीमत बढ़ जाएगी। चाय की प्याली में केवल चाय नहीं होगी, उसमें मौसम की गरमाहट भी होगी।

सर्दियों की सुबहों में एक अलग ही दर्शन छिपा होता है। कोहरे में लिपटी हुई सड़कें, दूर से आती किसी ट्रेन की आवाज, खेतों पर बिछी ओस और पेड़ों के बीच से छनकर आती धूप, सब मिलकर जैसे जीवन से कहती हैं कि परिवर्तन ही स्थायित्व है।

ऋतुएँ हमें यही तो सिखाती हैं। जो आज है, वह कल नहीं रहेगा। वर्षा का घनघोर संगीत थम जाएगा। शरद की चाँदनी भी धीरे-धीरे पीछे छूट जाएगी। हेमंत आएगा, फिर शिशिर और उसके बाद एक दिन फिर वसंत लौटेगा।

इस लौटने में ही जीवन का सबसे बड़ा आश्वासन छिपा है।

मनुष्य भी तो ऋतुओं की तरह बदलता है। उसके भीतर भी कभी वसंत आता है, कभी ग्रीष्म की तपिश होती है, कभी भावनाओं की वर्षा होती है, कभी शरद जैसी निर्मलता और कभी हेमंत जैसी परिपक्व शांति। उम्र के साथ हम समझने लगते हैं कि जीवन का सौंदर्य केवल खिलने में नहीं, बदलने में भी है। पत्तों का झरना भी उतना ही आवश्यक है जितना नई पत्तियों का आना। विदाई भी उतनी ही स्वाभाविक है जितना आगमन।

शायद इसीलिए शरद की निर्मलता हमें भीतर की धूल झाड़ने का संदेश देती है और हेमंत की दस्तक हमें ठहरकर अपने जीवन को देखने का अवसर।

बाहर मौसम बदल रहा है।

आकाश साफ है। हवा में हल्की ठंडक है। खेतों में नई उम्मीदें जन्म ले रही हैं। पेड़ों की शाखाएँ आने वाले दिनों की प्रतीक्षा में हैं।

और मन के किसी कोने में कोई धीरे से कह रहा है–

निर्मल 'शरद' दस्तक दे रहा है, 'हेमंत' आने को है।

आइए, इस बदलती ऋतु का स्वागत केवल गर्म कपड़ों और बदलती दिनचर्या के साथ न करें। अपने भीतर भी कुछ बदलें। मन की अनावश्यक धूल हटाएँ, स्मृतियों को सहेजें, रिश्तों में थोड़ी गर्माहट बढ़ाएँ और जीवन के प्रति कृतज्ञ होना सीखें। ऋतुएँ हर वर्ष लौटती हैं, लेकिन हमारे जीवन की कोई ऋतु दोबारा उसी रूप में नहीं लौटती।

इसलिए शरद की इस निर्मल धूप को जी लें, हेमंत की इस आती हुई ठंडक को महसूस कर लें और समय की इस धीमी पदचाप को सुन लें। कल शायद मौसम कुछ और होगा।

लेकिन आज
शरद की चाँदनी हमारे आँगन में है
और हेमंत हमारी देहरी पर दस्तक दे रहा है।

अध्यात्म

सच्चे गुरु के बिना बंधन नहीं छूटता



एक पंडित रोज रानी के पास कथा करता था। कथा के अंत में सबको कहता कि राम कहे तो बंधन टूटे। तभी पिंजरे में बंद तोता बोलता, यूं मत कहो रे पंडित झूठे। पंडित को क्रोध आता कि ये सब क्या सोचेंगे, रानी क्या सोचेगी। पंडित अपने गुरु के पास गया, गुरु को सब हाल बताया। गुरु तोते के पास गया और पूछा तुम ऐसा क्यों कहते हो?

तोते ने कहाः मैं पहले खुले आकाश में उड़ता था। एक बार मैं एक आश्रम में जहां सब साधू-संत राम-राम-राम बोल रहे थे, वहां बैठा तो मैंने भी राम-राम बोलना शुरू कर दिया। एक दिन मैं उसी आश्रम में राम-राम बोल रहा था, तभी एक संत ने मुझे पकड़ कर पिंजरे में बंद कर लिया, फिर मुझे एक-दो श्लोक सिखाये।

आश्रम में एक सेठ ने मुझे संत को कुछ पैसे देकर खरीद लिया। अब सेठ ने मुझे चांदी के पिंजरे में रखा, मेरा बंधन बढ़ता गया। निकलने की कोई संभावना न रही। एक दिन उस सेठ ने राजा से अपना काम निकलवाने के लिए मुझे राजा को गिफ्ट कर दिया, राजा ने खुशी-खुशी मुझे ले लिया, क्योंकि मैं राम-राम बोलता था। रानी धार्मिक प्रवृत्ति की थी तो राजा ने रानी को दे दिया। अब मैं कैसे कहूं कि राम-राम कहे तो बंधन छूटे। तोते ने गुरु से कहा आप ही कोई युक्ति बताएं, जिससे मेरा बंधन छूट जाए।

गुरु बोलेः आज तुम चुपचाप सो जाओ, हिलना भी नहीं। रानी समझेगी मर गया और छोड़ देगी।

ऐसा ही हुआ। दूसरे दिन कथा के बाद जब तोता नहीं बोला, तब संत ने आराम की सांस ली। रानी ने सोचा तोता तो गुमसुम पढ़ा है, शायद मर गया। रानी ने पिंजरा खोल दिया, तभी तोता पिंजरे से निकलकर आकाश में उड़ते हुए बोलने लगा गुरु मिले तो बंधन छूटे।

अतः शास्त्र कितना भी पढ़ लो, कितना भी जाप कर लो, लेकिन सच्चे गुरु के बिना बंधन नहीं छूटता।

मानव अधिकार शिक्षा से प्रकाशित हो भारत

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा न ही विलासिता है और न विशेषाधिकार, यह एक मानवाधिकार है। इसमें जीवन बदलने की शक्ति है। शिक्षा से लोग अपनी पूर्ण क्षमता पाकर अपने लक्ष्य तक पहुँच सकते हैं। गरीबी, असमानता और भेदभाव से मुक्त हो सकते हैं। शिक्षा इस प्रकार जीवन को प्रकाशित करती है। संयुक्त राष्ट्र के एक आंकड़े के अनुसार पूरे विश्व में 27।2 करोड़ बच्चे और युवा अब भी शिक्षा तक पहुँच से वंचित हैं। उन सभी की उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा के अवसरों तक पहुँच होनी चाहिए और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। इस मांग को वैश्विक स्तर पर समझने की पूरी कोशिश हो रही है किन्तु ये जो 27 करोड़ से अधिक लोग हैं, वे किसी भी नए बदलाव के लिए चुनौती हैं। नेल्सन मंडेला ने एक बार कहा था शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। लेकिन शिक्षा से वंचित समाज के भीतर बदलाव कब और कैसे होगा, प्रश्न यह है। क्योंकि अभी तो शिक्षा का दीपक उनके बीच के अँधेरे को ख़त्म करने के लिए पहुँचा ही नहीं है। भारत देश में एनईपी-2020 के माध्यम से बदलाव की कल्पना की जा रही है। यूनेस्को द्वारा भारत में शिक्षा स्थिति पर 2025 की रिपोर्ट में कहा गया है कि शिक्षा में भाषा केवल पढ़ाने का माध्यम नहीं है, बल्कि सीखने, समझने और समावेशन की नींव है। भारत जैसे देश में, जहाँ 1,369 भाषाएँ बोली जाती हैं, बहुभाषी शिक्षा अपनाना ज़रूरी है, ताकि सभी बच्चे उस भाषा में सीख सकें, जिसे वो समझते हों। यह स्पष्ट है कि इतनी भाषाओँ और बोलियों में शिक्षा के पाठ्यक्रम तैयार करना और सबको उनकी भाषा व बोलियों में शिक्षा देना भारत के लिए आसान नहीं है। किन्तु, भारत ने अपनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भाषाओं को लेकर जो प्रतिबद्धता दिखाई है उसमें से केवल 22 भाषाएँ जो आधिकारिक रूप से स्वीकृत की है, उसमें ही शिक्षा के पाठ्यक्रम, पठन-पाठन की व्यवस्था यदि हो सकी तो भी यह क्रांतिकारी व्यवस्था होगी।

सवालों के घेरे में है जेएनयू की 'चयनित चुप्पियां'

स्त्रियों ने इस समय में अपनी शक्ति को पहचान लिया है। वे बेहतर कर रही हैं और आगे आसमां छूने की कोशिशों में हैं। यहां भी पुरुष सत्ता चोटिल होती हुई लगती है। उसके प्रति सम्मान और संवेदनशीलता के बजाए, किस्से बनाने और उसे कमतर साबित करने की कोशिशें हर स्तर हो रही हैं। तेज होते सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों के इस दौर में सिर्फ कानून ही स्त्री के साथ खड़े हैं। कई जगह स्त्रियां भी, स्त्रियों के खिलाफ खड़ी हैं। यह संक्रमण काल है, स्त्री को अपने वजूद को साबित करते हुए निरंतर आगे बढ़ने का समय है। वह जीत रही है और आगे बढ़ रही है। आज की बेटियां अपने सपनों में रंग भर रही हैं। आसान शिकार होने के नाते कुछ शिकारी उसकी घात में हैं, किंतु आज की औरत इससे डरती नहीं। घबराती नहीं। वह बने-बनाए कठघरों को तोड़कर आगे आ रही है।



शिक्षा केंद्रों की कलंक कथाएं अनंत हैं। गुरु-शिष्य परंपरा को लजाते प्रकरण मुंह चिढ़ा रहे हैं। ऐसी खबरें अब बहुत विचलित नहीं करतीं। किंतु बात जब जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय जैसे शिक्षा केंद्र की हो तो मामला साधारण नहीं रह जाता। आरोप किसी साधारण शिक्षक पर नहीं, मणिपुर से लोकसभा के सांसद प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर हैं। वे जेएनयू के सामाजिक विज्ञान अध्ययन केंद्र में प्राध्यापक थे। जेएनयू प्रशासन ने 11 छात्राओं की शिकायतों की जांच के बाद प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम को बर्खास्त कर दिया है। वे अभी सांसद बने हुए हैं। प्रो. बिमोल ने इन आरोपों पर सफाई देते हुए कहा कि उन्हें सरकार विरोधी रवैये के कारण शिकार बनाया जा रहा है। इस सफाई के बहुत मायने नहीं हैं। मुद्दा है शिक्षक की गरिमा का, यदि वह जनप्रतिनिधि हैं तो मामला गंभीर हो जाता है।

कटघरों को तोड़कर आगे आती बेटियां: जेएनयू जैसे विश्वविद्यालय में जागरुक विद्यार्थियों की संख्या काफी है। राजनीतिक तौर पर भी उनकी सक्रियता किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में किसी प्राध्यापक का यह रवैया आश्चर्यजनक है। उन छात्राओं के साहस को भी नमन करना चाहिए, जिनके कारण यह प्रकरण प्रकाश में आ सका। हमारी परंपरा में शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए अभिभावक हैं। इस गरिमा को छोड़कर अपने विद्यार्थियों का किसी भी तरह का शोषण स्वीकार्य नहीं है। यह उस अकादमिक भरोसे की हत्या है, जिस पर शिक्षा की नींव टिकी है। आरोपी प्रोफेसर के बारे में विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति ने शिकायतों को सही पाया है। नैतिकता के आधार पर उन्हें सांसद पद से इस्तीफा देना चाहिए। उनकी अपनी कांग्रेस पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान अभी तक सामने नहीं आया है। यह बात रेखांकित करती है कि शिक्षा केंद्रों में शिक्षक सुरक्षित माहौल नहीं देगें तो युवा पीढ़ी का मानसिक और शैक्षणिक विकास कैसे होगा? यह भी सुखद है कि जागरुक विद्यार्थी अब किसी तरह के शोषण को सहने को तैयार नहीं हैं। पीड़िताएं अब डरने के बजाए संस्थागत प्रक्रियाओं का दरवाजा खटखटा रही हैं। स्त्रियों ने इस समय में अपनी शक्ति को पहचान लिया है। वे बेहतर कर रही हैं और आगे आसमां छूने की कोशिशों में हैं। यहां भी पुरुष सत्ता चोटिल होती हुई लगती है। उसके प्रति सम्मान और संवेदनशीलता के बजाए, किस्से बनाने और उसे कमतर साबित करने की कोशिशें हर स्तर हो रही हैं। तेज होते सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों के इस दौर में सिर्फ कानून ही स्त्री के साथ खड़े हैं। कई जगह स्त्रियां भी, स्त्रियों के खिलाफ खड़ी हैं। यह संक्रमण काल है, स्त्री को अपने वजूद को साबित करते हुए निरंतर आगे बढ़ने का समय है। वह जीत रही है और आगे बढ़ रही है। आज की बेटियां अपने सपनों में रंग भर रही हैं। आसान शिकार होने के नाते कुछ शिकारी उसकी घात में हैं, किंतु आज की औरत इससे डरती नहीं। घबराती नहीं। वह बने-बनाए कठघरों को तोड़कर आगे आ रही है।

दलगत सीमाओं से ऊपर उठें : कानून से ऊपर कोई नहीं है। आरोपी प्रोफेसर सांसद हैं तो उन्हें कुछ विशेषाधिकार जरुर हासिल हैं। ऐसे में मुद्दा यह भी है कि जब कानून बनाने वाले ही महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं तो राजनीतिक शुचिता का क्या होगा। दलगत राजनीति और चयनित चुप्पियों के समय में राजनीतक दलों का रवैया दोमुंहा हो जाता है। टीवी डिबेट्स में राजनीतिक दलों की महिला प्रवक्ता भी उक्त प्राध्यापक का बचाव करते नजर आ रहे हैं। यह तर्क भी कितने गलीज हैं कि दूसरे दल के लोगों पर भी आरोप लगे हैं। इससे गहरी राजनीतिक संवेदनहीनता प्रकट होती है। आपको इसलिए छोड़ दिया जाए क्योंकि प्रतिपक्ष पर भी ऐसे आरोप हैं। नैतिकता और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर दलीय सीमाओं से ऊपर उठकर स्त्री सम्मान के लिए सभी को खड़ा होना चाहिए। संसद को हम लोकतंत्र का मंदिर मानते हैं। वहां बैठे सांसदों से उच्च नैतिक आचरण की अपेक्षाएं बेमानी नहीं हैं। हालात इतने बदतर हैं कि गंभीर आरोपों से घिरे लोग अकसर संस्थागत जांच की वैधता पर सवालिया निशान लगाकर सहानुभूति हासिल करने का प्रयास करते हैं। इस मामले में भी यही दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर जेएनयू प्रशासन का यह दावा कि उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए आंतरिक समिति की रिर्पोट के आधार पर सांसद-प्राध्यापक पर कार्रवाई की गई है। यह साबित करता है कि राजनीतिक पदों की धमक से ऊपर अब संस्थागत नियमों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

लक्ष्मण रेखा खींचने की जरुरत–

विश्वविद्यालयों के परिसरों में वैचारिक विमर्श हों। संवाद हों। किंतु वे ताकतवर लोगों के लिए सुरक्षित शरणगाह नहीं बनें। लक्ष्मण रेखा खींचने की जरुरत है। इस पर शिक्षकों को विचार करना होगा। अपने गिरेबां में झांकना होगा। शिक्षा परिसरों में पुलिस डेरा डाल रही है। उनकी स्वायत्तता और सम्मान आज हाशिए पर है। राजनीतिक दलों से जुड़ी अपनी आस्थाओं के कारण अगर शिक्षक अपनी भूमिका से समझौता करेगें, तो उनका सम्मान बच नहीं सकता। विचारधारा और देशद्रोही विचारों के आधार पर चलने वाली शक्तियां परिसर को तो कलंकित करेंगी। शिक्षकों के सम्मान को आहत करेंगी। जेएनयू में कई वर्षों से चल रही भारत विरोधी गतिविधियों को रोकने, संभालने और अपने युवाओं को सही राह दिखाने की कोशिशें होतीं तो यह आज नासूर बनकर न फूटता। सवाल सीधा है कि जेएनयू में हर देशद्रोही को स्पेस क्यों मिल जाता है? कोई भी विचार तभी तक स्वीकार्य है, जब तक हमारी अकादमिक योग्यताओं को निखारने और संवर्धित करने में सहायक हो। जो विचार देश तोड़ने और उसके टुकड़े करने के स्वप्न देखे उसका मिट जाना ही ठीक है।

संस्थागत जवाबदेही जरुरी –

अब जबकि स्त्रियों के सम्मान का मामला सामने है, तब 'जेएनयू के क्रांतिकारियों' की चयनित चुप्पियां सवालों के घेरे में हैं। यह प्रकरण अपने पद का दुरुपयोग करते हुए छात्राओं के उत्पीड़न का है। यह गुरु-शिष्य संबंधों को प्रभावित करता है। छात्राओं को भयभुक्त वातावरण प्रदान करना शासन- विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है। क्यों हम अपने परिसरों को छात्राओं के लिए सुरक्षित स्थान नहीं बना पाए हैं? जेएनयू जैसे जागरुक परिसर में ऐसा हो रहा है तो छोटे स्थान पर क्या हो रहा होगा? किसी छात्रा के लिए सत्ता प्रतिष्ठान से टकराना साधारण नहीं होता। बात जब यौन उत्पीड़न की हो मामला और संवेदनशील हो जाता है। छात्राओं को हिम्मत देना जरूरी है। जेएनयू की प्रथम महिला कुलपति प्रोफेसर शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित ने संवेदना के साथ इस विषय में न्याय किया है। समाज के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्त्री सुरक्षा से जुड़े मामलों में ऐसी ही कार्रवाई अपेक्षित है। इस मामले के बाद उच्च शिक्षा परिसरों में सुरक्षा, सत्ता के दुरुपयोग और संस्थागत जवाबदेही के सवाल उठेंगे। इसलिए इसका परिप्रेक्ष्य व्यापक है। 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' और 'बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ' के नारों के बीच ऐसी घटनाएं हमें मुंह चिढ़ा रही हैं। इस सिलसिले को रोकने के लिए कौन आएगा ? जीवंत समाज अपने समाज के प्रश्नों के हल खुद खोजता है। वह टीवी बहसों से प्रभावित नहीं होता। क्योंकि ये हमेशा अंतहीन और निष्कर्षहीन ही होती हैं।

आज का कार्टून

राशिफल

मेष
आज, लाभ प्राप्ति का संयोग बनेगा ।आर्थिक मामलों में आपको अपने प्रयास का प्रतिफल मिलेगा। विदेशी क्षेत्र से भी आप लाभ प्राप्त कर पाएंगे।

वृषभ
आज, भावनाओं का ध्यान रखना होगा ।धन और करियर संबंधी मामलों में कल क दिन आपके लिए खर्चीला रह सकता है। विरोधियों से भी आपको सतर्क रहना होगा।

मिथुन
आज काम में गतिशीलता बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में लाभ पाएंगे। दोस्ती और साझेदारी लाभदायक रहेगी। काम में गतिशीलता बढेगी। साहसिक फैसला ले पाएंगे।

कर्क
आज, काम का अधिक दबाव रहेगा। आज का दिन आपको लाभ के साथ खर्च के लिए भी कल तैयार रहना होगा। वाहन और स्वास्थ्य कारणों पर भी आपको धन खर्च करना पड़ सकता है।

सिंह
आज, दिन आपका सुखद बीतेगा। करियर और काम के लिहाज के दिन अनुकूल रहेगा। विदेशी क्षेत्र से जुड़े काम में आपको फायदा मिलेगा।

कन्या
आज, सुख साधनों का लाभ पाएंगे। करियर में आपको वरिष्ठ लोगों से सहयोग मिलेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव भी कर सकते हैं।

तुला
आज, टीमवर्क का फायदा मिलेगा ।खर्च के मामले में आपको थोड़ा कंट्रोल करके चलना होगा। कार्यक्षेत्र में टीमवर्क का फायदा मिलेगा।

वृश्चिक
आज, लाभदायक डील पाएंग कार्यक्षेत्र में लाभ और उन्नति का मौका मिलेगा। वैसे आपके ऊपर काम का अधिक दबाव भी रह सकता है।

धनु
आज, अप्रत्याशित खर्च संभव है। आपको अपने काम में मन को स्थिर करना होगा। मानसिक विकलता और अस्थिरता की वजह से आपको परेशानी हो सकती है।

मकर
आज, फैसला लेने में जल्दबाजी से बचना होगा। आपको दोस्तों और साझेदारों से सहयोग मिलेगा। टीमवर्क का भी आपको फायदा मिलेगा। मानसिक द्वंद्व भी बना रहेगा जिससे बड़े फैसले लेने में जल्दबाजी से बचना होगा।

कुंभ
आज, कुछ नया काम और मौका पाएंगे। आपको कल खर्च के साथ ही साथ कमाई का भी मौका मिलेगा जिससे आर्थिक संतुलन बना रहेगा।

मीन
आज, कारोबार में लाभ का मौका मिलेगा। आप अपने सामाजिक दायरे का विस्तार कर पाएंगे। शिक्षा और प्रबेंधन के काम में सफलता पाएंगे। कारोबार में लाभ का मौका मिलेगा।

संक्षिप्त समाचार

मां दुर्गा का पट खुला, श्रद्धालु दर्शन को उमडे

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ में मां दुर्गा का पट खुलने के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए उमड पड़ी। कचहरी चौक, कांग्रेस मैदान, जीवन बीमा निगम मोड, भवानी चौक, स्टेशन परिसर, मसूद बीघा, वैष्णो धाम आदि स्थानों पर माता की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है ।वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस मैदान में पूजा पंडाल प्रेम मंदिर की अनुकृति पर बनाई गई है जो आकर्षण का केंद्र बन गई है। भारत माता की प्रतिमा भी कई स्थानों पर स्थापित की गई है।

एसडीएम व एसडीपीओ के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एसडीएम कृष्ण जोशी और एसडीपीओ-1 रामकृष्णा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च बाढ़ थाना परिसर से निकलकर भुवनेश्वरी चौक, स्टेशन चौक और भवानी चौक होते हुए ढेलवा गोसाईं तक पहुंचा। इस दौरान बाढ़ थानाध्यक्ष पूर्णेन्दु कुमार, एनटीपीसी थानाध्यक्ष डीके प्रजापति, पंडारक थानाध्यक्ष नवनीत राय सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इस अवसर पर एसडीएम कृष्ण जोशी ने कहा कि बाढ़ की जनता, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, बिना किसी भय के दुर्गा पूजा मेले का आनंद लें। प्रशासन उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। वहीं एसडीपीओ रामकृष्णा ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए कई मार्गों को वन-वे किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा पंडालों में पहुंचने और माता रानी के दर्शन करने में परेशानी न हो। उन्होंने बाढ़ अनुमंडल के समस्त निवासियों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

पुलिस पर हमले के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अगवानपुर गांव में पुलिस छापेमारी के दौरान विगत माह हाथापाई कर हमला करने के दर्ज केस में छापेमारी की गई। इस दौरान दो अभियुक्त मोनू कुमार तथा मनीष कुमार को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। जांच पड़ताल के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया है। बाढ़ थानाध्यक्ष पूणार्नेदू कुमार ने बताया कि आरोपी पर पूर्व से आर्म्स एक्ट का भी केस दर्ज है जिसमें भी उसकी तलाश थी ।

करंट लगने से युवक जख्मी

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिलदही गांव में करंट लगने से गणेश कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसे इलाज के लिए परिजनों ने अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सा के बाद उसकी हालत में सुधार हो रहा है। काम के दौरान युवक को करंट लग गया था।

पूजा को लेकर बदला ट्रैफिक प्लान

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ में दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस ने नगर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। डीएसपी रामकृष्णा के नेतृत्व में नए निर्देश जारी किये गए है ।इसके अंतर्गत भुवनेश्वरी चौक से बाढ़ रेलवे स्टेशन, भवानी चौक से दया चक मोड तथा बाढ़ रेलवे स्टेशन से सैयद नेहाल एहसान कॉलेज मोड पर शनिवार से वन वे ट्रैफिक कर दिया गया। वहीं दूसरी तरफ कचहरी, भुवनेश्वरी, कॉलेज, बाढ़ थाना चौक तथा जगन्नाथन उमानाथ मोड सड़क रूट पर भारी वाहनों के परिचालन को प्रतिबंधित किया गया है। यह निर्देश प्रतिमा विसर्जन तक प्रभावी रहेगा ।उधर दूसरी तरफ काफी संख्या में पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति दुर्गा पूजा मेले को लेकर की गई है ।शनिवार को पुलिस कर्मियों ने मार्च पास्ट किया। इस दौरान अधिकारी भी मौजूद थे ।पूजा पंडालों की लगातार निगरानी एसडीओ कृष्णा जोशी और डीएसपी रामकृष्णा के नेतृत्व में की जा रही है। मनचलों पर भी पुलिस की खास नजर है ।तेज बाइक चलाने वाले पर भी कार्रवाई की जा रही है।

हाथीदह रेलवे स्टेशन से विदेशी शराब बरामद

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। हाथीदह रेल थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन के शौचालय के पास कार्रवाई करते हुए विदेशी शराब बरामद की है। इस मामले में बेगूसराय जिले के सिंघौल थाना क्षेत्र अंतर्गत विनोदपुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार के खिलाफ बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार रविवार को हाथीदह रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-2 के पश्चिमी छोर पर स्थित शौचालय के पास से शराब बरामद की गई।इस मामले में रेल थाना हाथीदह कांड संख्या 45/26 दर्ज किया गया है। प्राथमिकी बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30(ए) के तहत दर्ज की गई है।पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

मोबाइल चोर को ग्रामीणों ने पिटाई के बाद पुलिस को सौंपा

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न इलाकों में इन दिनों मोबाइल छीनकर भागने वाले गिरोह सक्रिय हैं और लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा घटना कादरगंज थाना क्षेत्र के लोदीपुर की है। बताया जाता है कि एक युवक राहगीर से मोबाइल छीनकर भाग रहा था। इसी दौरान मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने शोर सुनकर उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। लोगों ने युवक की जमकर पिटाई की और फिर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान धीरज कुमार, पिता सुभाष यादव, निवासी पातनपुरी, काको, जहानाबाद के रूप में हुई है। उसके पास से छीना गया मोबाइल भी बरामद किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में मोबाइल स्नेचिंग की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिसको लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। सभी संवेदनशील स्थानों पर सघन गश्ती और सादी वर्दी में निगरानी की जा रही है। पकड़े गए युवक से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

दनियावां में होगा नाटकों का मंचन गोरखपुर की नृत्यांगना देंगी प्रस्तुति

दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शारदीय नवरात्रि के साथ ही दनियावां प्रखंड, मसौढ़ी और पुनपुन अनुमंडल में भक्ति का उल्लास चरम पर है। मसौढ़ी अनुमंडल में इस बार कुल 55 स्थानों पर भव्य पूजा पंडाल बनाए गए हैं। इसी कड़ी में दनियावां बाजार, शाहजहांपुर और तोप गांव में भी भव्य दुगार्पूजा पंडाल बनाए गए हैं। नाटकों में पूरी तरह ग्रामीण कलाकारों द्वारा अभिनय किया जाएगा। वहीं सरथुआ में माँ काली पूजनोत्सव

की तैयारी जोरों पर है।नवयुवक नाटक कला परिषद, सरथुआ द्वारा तीन दिवसीय नाटक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। **अष्टमी रात्रि :** 'कश्मीर हमारा है' (लेखक - बी.पी. राजेश) **नवमी रात्रि :** सामाजिक नाटक 'घुंघरू'। **दशमी रात्रि :** ऐतिहासिक नाटक 'पृथ्वीराज चौहान'। वहीं तोप गांव में 'जल्लाद' नाटक (लेखक - बी.पी. राजेश)और अरावली के शेर का मंचन होगा। **विशेष आकर्षण :** गोरखपुर से आई नृत्यांगना द्वारा नृत्य की प्रस्तुति तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में वाद्ययंत्रों पर विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। इस प्रस्तुति को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पूजा समितियों द्वारा सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

सज गया माता का दरबार, मसौढ़ी में भक्ति का सैलाब

श्रीभारत माता पूजा समिति, थाना रोड मसौढी।

काली माता पूजा समिति, मेन रोड मसौढी।

संघतपर मोड, मसौढी।

फाइव स्टार क्लब, अस्पताल रोड मसौढी।

थाना रोड से लेकर नाव वाले पंडाल तक दर्शन को उमड़ी हजारों की भीड़ • मसौढ़ी में शारदीय नवरात्र की धूम, महाष्टमी पर 16 पंडालों में मां के जयकारे

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शारदीय नवरात्र की महाष्टमी पर मसौढ़ी पूरा भक्तिमय हो गया है। मां गौरी की पूजा-अर्चना के साथ मां शक्ति और मां काली के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। देर रात तक सभी प्रमुख पंडालों में दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच पूरा मसौढ़ी 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा।मसौढ़ी मुख्यालय में इस बार कुल 16 भव्य पूजा पंडाल बनाए गए हैं, जबकि पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में 55 जगहों पर माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। हर पंडाल की अपनी अलग विशेषता, थीम और इतिहास है।

47 साल पुराना भारत माता पंडाल बना आस्था का केंद्र

शहर का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित पंडालों में से एक थाना रोड स्थित श्री भारत माता पूजा समिति का पंडाल है। इस समिति की स्थापना वर्ष 1978 में हुई थी। पिछले 47 वर्षों से यहां लगातार मां दुर्गा की आराधना हो रही है। इस समिति की खास बात यह है कि यहाँ हर साल कुछ नया और सामाजिक संदेश देने वाला पंडाल बनाया जाता है।

65 साल से हो रही है माँ काली की आराधना

इसी तरह स्टेट बैंक के पास स्थित श्री काली पूजा समिति का इतिहास तो और भी पुराना है। यहाँ माँ काली की प्रतिमा की स्थापना वर्ष 1960 से हो रही है, यानी पिछले 65 वर्षों से यह परंपरा अनवरत चली आ रही है। मसौढ़ी में काली पूजा का यह सबसे प्राचीन स्थल माना जाता है।

फाइव स्टार पंडाल और नाव वाला पंडाल बना आकर्षण

अस्पताल रोड में बनने वाला पंडाल अपनी भव्यता के लिए जाना जाता है, जिसे लोग फाइव स्टार पूजा पंडाल के नाम से जानते हैं। यहाँ पिछले 50 वर्षों से दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है। इस बार समिति ने गुजरात के प्रसिद्ध शिव मंदिर की थीम पर पंडाल बनाया है, जिसमें माँ दुर्गा घोड़े पर सवार रूप में दर्शन दे रही हैं। वहीं संगत मोड़ के पास नदी में नाव पर बना आकर्षक पंडाल भी लोगों के बीच चर्चा का विषय है। यहाँ पिछले 30 वर्षों से लगातार पूजा हो रही है। पानी में नाव पर माँ की प्रतिमा और रंग-बिरंगी लाइटिंग लोगों को खूब भा रही है। इसके अलावा कैलूचक में माँ काली का पंडाल, धनरूआ स्थित माँ दुर्गा का पंडाल, पुनपुन की बड़ी ठाकुरबाड़ी और डुमरी महारानी का पंडाल भी प्रमुख आकर्षण बने हुए हैं।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

विधि-व्यवस्था के संधारण के लिए 93 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। हर बड़े पंडाल में महिला पुलिस बल की भी विशेष तैनाती की गई है ताकि महिला श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

नरहट में रामलीला का मंचन

राम-सीता-लक्ष्मण का वनवास देख नम हुई आंखें, शबरी के बेर और हनुमान मिलन ने मोहा मन

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भगवानगंज प्रखंड के नरहट गांव में चल रही ऐतिहासिक रामलीला में सातवें दिन ऐसा भावुक दृश्य देखने को मिला कि पूरा पंडाल भाव-विभोर हो गया। मंच पर जब राजा दशरथ की आज्ञा का पालन करते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, माता सीता और भाई लक्ष्मण 14 वर्ष के वनवास के लिए राजमहल छोड़कर जाने लगे तो दर्शकों की आंखें नम हो गईं। महिलाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी इस दृश्य को देखकर भावुक हो गए।कहानी में जैसे ही राम, सीता और लक्ष्मण वन की ओर प्रस्थान करते हैं, मंच पर सन्नाटा छा गया। पृष्ठभूमि में चल रहे करुण संगीत ने माहौल को और भी मार्मिक बना दिया। आयोजकों ने इस दृश्य को बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया।वनवास के अगले क्रम में भगवान जब घने जंगल में पहुंचते हैं तो वहां भीलनी शबरी से उनकी मुलाकात होती है। शबरी वर्षों से अपने प्रभु श्री राम के इंतजार में थी। भगवान के उसकी कुटिया में पहुंचने और उसके जूठे बेरों को बड़े प्रेम से खाने का मंचन दर्शकों को खूब भाया। यह दृश्य भक्ति और प्रेम का प्रतीक बन गया। शबरी की भक्ति देखकर लोग भावुक हो गए और पंडाल में जय श्री राम के जयकारे गूंजने लगे।इसके तुरंत बाद पवनपुत्र हनुमान जी से भगवान श्री राम की पहली मुलाकात का मंचन किया गया। हनुमान जी के मंच पर आते ही पूरा माहौल भक्तिमय हो गया और बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। इन तीनों प्रमुख लीलाओं - वनवास, शबरी मिलन और हनुमान मिलन को देखकर पूरे नरहट, भगवानगंज और आसपास के गांवों से आए हजारों श्रद्धालु धन्य हो गए। यह रामलीला आगामी 22 अक्टूबर तक लगातार चलेगी, जिसमें लंका दहन से लेकर रावण वध तक की लीला का मंचन किया जाएगा। इससे पहले बीते शाम रामलीला समिति द्वारा एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया था। यह शोभा यात्रा नरहट रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर भगवानगंज बाजार, खरौना होते हुए मुगीर्याचक तक गई और वहां से भ्रमण करते हुए पुनः नरहट गांव पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि सतीश कुमार, रामलीला समिति के मुख्य आयोजक मुन्ना सिंह, वार्ड सदस्य नवीन सिंह, अमित सिंह, विश्वरंजन, बबलू कुमार, संजीव कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण और श्रद्धालु मौजूद रहे।

पुनपुन में डुमरी महारानी, बड़ी ठाकुरबाड़ी और नदवां स्थित मां दुर्गा की प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र



मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन महागौरी की पूजा के साथ ही मसौढ़ी अनुमंडल में भक्ति का उल्लास चरम पर है। सुबह से ही मंदिरों और पूजा पंडालों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अनुमंडल में इस बार कुल 55 स्थानों पर भव्य पूजा पंडाल बनाए गए हैं, जहां मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इनमें डुमरी स्थित 'डुमरी महारानी' का दरबार इस बार सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पंडाल की भव्य सजावट और माता की दिव्य प्रतिमा को देखने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग रही है। इसी तरह पुनपुन रेलवे स्टेशन के पास स्थित पूजा पंडाल और मसौढ़ी के ऐतिहासिक बड़ी ठाकुरबाड़ी मंदिर में भी मां दुर्गा की प्रतिमा श्रद्धालुओं को खूब आकर्षित कर रही है। बड़ी ठाकुरबाड़ी में पारंपरिक तरीके से हो रही पूजा विशेष महत्व रखती है। इसके अलावा नगमा में स्थापित मां दुर्गा का पूजा पंडाल भी दर्शनीय स्थल बना हुआ है, जहां शाम होते ही रोशनी और सजावट देखते ही बनती है। चारों तरफ 'जय माता दी' और 'मां दुर्गा जगदंबे' के जयकारों से पूरा इलाका गूंज रहा है। सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सभी प्रमुख पंडालों में पुलिस बल की तैनाती की है। श्रद्धालु देर रात तक कतारों में खड़े होकर माता के दर्शन कर रहे हैं। वही नदवां स्थित मां शक्ति की प्रतिमा स्थापित की गई जो काफी आकर्षक केंद्र बिंदु रहा पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र रजक ने बताया कि पूरे नदवां के लिए यह दुर्गा पूजा पंडाल काफी आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा है।

पुतला दहन के लिए तैयार गांधी मैदान में रावण दहन का होगा कार्यक्रम

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। गांधी मैदान में विजयदशमी पर्व को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आगामी 20 अक्टूबर को शाम 4 बजे रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस बार 55 फीट का रावण, 45 फीट का कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा। स्टेशन रोड स्थित काली पूजा समिति की ओर से पिछले 45 वर्षों से इस रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को कमेटी के सभी सदस्य तैयारी में जुटे रहे। पुतला निर्माण का कार्य अब अंतिम चरण में है। गांधी मैदान में बैरिकेडिंग का काम भी तेज गति से चल रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार ने बताया कि विजयदशमी के अवसर पर गांधी मैदान में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। 6 जगहों पर ड्रॉप गेट बनाए जाएंगे। मैदान के चारों तरफ वॉच टावर और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की निगरानी रहेगी।

मोकामा में मां दुर्गा के पट खुलते ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, जयकारों से गूंजा शहर

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर शनिवार की रात मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना के बाद मोकामा नगर के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में मां दुर्गा के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। रात करीब 10 बजे विधि-विधान और भव्य श्रृंगार के साथ पट अनावरण किया गया। पट खुलते ही मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा शहर मां जगदंबे के जयकारों से गूंज उठा।मोकामा के प्रमुख पूजा पंडालों में सुबह से ही उत्सवी माहौल बना रहा। सप्तमी के अवसर पर मां के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। देर रात तक विभिन्न पंडालों में भक्तों की कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।स्टेशन रोड स्थित दुर्गा पूजा निर्माण समिति के पंडाल में पट अनावरण के साथ ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच गए।भव्य सजावट और धार्मिक माहौल के बीच भक्तों ने मां के दर्शन किए। इस दौरान पूजा समिति के अध्यक्ष छितेंद्र कुमार सिंह, सचिव मनोज कुमार, सुनील सिंह, मुकेश कुमार, राहुल मिश्रा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता व्यवस्था संभालने में जुटे रहे।पूजा पंडालों में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क है। मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने नगर के प्रमुख पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधि-व्यवस्था का जायजा लेने के साथ प्रतिनियुक्त पुलिस मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की समीक्षा की। प्रशासन की ओर से पूजा के दौरान भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मूर्ति विसर्जन के लिए 24 घाट चिह्नित, दंडाधिकारी व पुलिस बल रहेगा तैनात

सुर्यास्त के बाद नाव परिचालन पर रोक

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। दुर्गा पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन को लेकर अनुमंडल प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। 21 अक्टूबर को होने वाले मूर्ति विसर्जन के लिए अनुमंडल क्षेत्र में 24 घाटों/तालाबों को चिन्हित किया गया है।

इन घाटों पर होगा विसर्जन

मसौढ़ी प्रखंड में पितमास पुल के पास, नदौल तालाब, कराय घाट, देवरिया घाट, दुधिचक विसर्जन घाट के पास, मोरहर घाट,भगवानगंज। धनरूआ प्रखंड में दरधा नदी बारीबिगहा, कररूआ नदी, मधुवन नदी, दरधा नदी, छिलका नदी, पभेड़ा में, लवाइच नदी। धनरूआ-दलमई तालाब, कोल्हाचक दरधा नदी पुल के पास। पुनपुन प्रखंड में अकौना घाट पुनपुन नदी, पुनपुन नदी घाट पिंड दान स्थल, पकड़ी घाट पुनपुन, जाहिदपुर घाट पुनपुन, लक्ष्मण झूला के पास, जोलाबिगहा तालाब, कामेश्वर सिंह चौक, पकड़ी मोड़ और पुनपुन नदी ग्राम राजघाट नवादा।

दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

सभी 24 घाटों पर पंचायत सचिव, राजस्व अधिकारी, किसान सलाहकार और समन्वयक स्तर के अधिकारियों को दंडाधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। वरीय प्रभारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी मसौढ़ी, धनरूआ और अंचलाधिकारी मसौढ़ी, धनरूआ, पुनपुन तथा कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मसौढ़ी/नगर पंचायत पुनपुन को जिम्मेदारी दी गई है। सभी थानाध्यक्षों को अपने स्तर से पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने आदेश में कहा है की सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी 21 अक्टूबर को ससमय विसर्जन घाटों पर उपस्थित होकर विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करेंगे। अंचलाधिकारी घाटों पर नाव, नाविक, SDRF, गोताखोर, लाइफ जैकेट, ट्यूब और रस्सी सहित सभी संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। विसर्जन के दिन ओवरलोडेड, अनिबंधित और अनियमित नावों के परिचालन पर संबंधित थानाध्यक्ष रोक लगाएंगे।. सूर्यास्त से पहले सभी प्रतिमाओं का विसर्जन सुनिश्चित किया जाए, विशेष परिस्थिति में सूर्यास्त के बाद विसर्जन होने पर समुचित प्रकाश की व्यवस्था की जाए। सूर्यास्त के पश्चात नौका का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगा।

सैटेलाइट टाउनशिप के नाम पर किसानों की जमीन छीन रही भाजपा सरकार : किसान महासभा

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भाकपा माले अनुमंडल कार्यालय मसौढ़ी में अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक हुई। जिसमें मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन तीनों प्रखंड कमेटियों की संयुक्त बैठक आहूत की गई, अध्यक्षता किसान नेता कॉमरेड शशि यादव ने की और संचालन पटना जिला सचिव कॉमरेड कृपा नारायण ने किया। बैठक का मुख्य विषय किसानों की गोलबंदी कर सदस्यता अभियान चलाना और सैटेलाइट टाउनशिप योजना में किसानों से छीनी जा रही जमीन पर चर्चा रहा। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि भाजपाई सरकार किसानों पर नई-नई नीतियां बनाकर दमन कर रही है। बिहार में सैटेलाइट टाउनशिप योजना के रूप में हो रहा है। इसमें सरकार विकास के नाम पर किसानों से 100 प्रतिशत जमीन लेकर 55 प्रतिशत किसानों को वापस देगी और 45 प्रतिशत जमीन कॉर्पोरेट घरानों को देना चाहती है। अगर सरकार चाहे तो उन्नत कृषि यंत्र, सस्ते बीज-खाद और मुफ्त बिजली देकर किसानों को आत्मनिर्भर बना सकती है, लेकिन भाजपा की कॉर्पोरेट परस्त सरकार किसानों से जमीन छीनकर पूंजीपतियों को देना चाहती है ताकि कॉर्पोरेट देश में भूख का व्यापार कर सके और किसानों को सस्ता श्रमिक बना सके।

शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो सड़क पर ही पत्नी को पीटा

भीड़ जुटी तो पहुंची पुलिस

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी के स्टेशन रोड पर रविवार को एक शराबी पति की शर्मनाक करतूत सामने आई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सड़क किनारे पानी फल सिंघाड़ा बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाली एक गरीब महिला को उसके ही पति ने बीच बाजार में पीट दिया।बताया जाता है कि महिला रोज की तरह स्टेशन रोड पर सिंघाड़ा बेच रही थी। इसी दौरान उसका शराबी पति वहां पहुंचा और शराब पीने के लिए उससे पैसे मांगने लगा। महिला ने जब पैसे देने से इनकार किया तो पति आगबूला हो गया। उसने सरेआम सड़क पर ही पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसके हाथ से बिक्री के पैसे छीनने लगा। पति-पत्नी के बीच बीच सड़क पर गुत्थमगुत्था होते देख मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों के बीच काफी देर तक हाथापाई चलती रही, जिससे स्टेशन रोड पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई।

चचेरी मामी के प्यार में पागल था नीतीश का अब तक सुराग नहीं

परिजनों ने हत्या कर शव छिपाने का लगाया आरोप

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी के नदौल ओपी क्षेत्र के बीबीपुर गांव से 10 अक्टूबर से लापता 20 वर्षीय युवक नीतीश कुमार का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। नीतीश कुमार पिता सुधीर कुमार पिछले 7 दिनों से रहस्यमय तरीके से गायब है, जिसके बाद से पूरे बीबीपुर गांव में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार नीतीश पिछले लगभग एक साल से अपनी ही चचेरी मामी जहानाबाद निवासी पूजा कुमारी के प्रेम में पागल था। पूजा कुमारी रिश्ते में उसकी चचेरी मामी लगती है। परिवार के लोगों ने उसे लाख समझाने की कोशिश की, लेकिन वह लगातार जहानाबाद स्थित उसके घर पर आना-जाना करता था। प्रेम प्रसंग को लेकर परिवार में कई बार विवाद भी हुआ था। लापता युवक नीतीश के चाचा ने बताया कि 13 अक्टूबर की सुबह आखिरी बार नीतीश से बात हुई थी। उसने कहा था कि सब ठीक है। लेकिन दोपहर के बाद जब फोन किया गया तो उसका मोबाइल किसी दूसरे व्यक्ति के पास था। कई बार कॉल करने पर भी नीतीश से बात नहीं हो पाई। उसके बाद से उसका फोन भी बंद हो गया। इधर इस घटना के बाद से उसकी चचेरी मामी पूजा कुमारी भी अपने घर से लापता है। उसके घर पर ताला लगा हुआ है और उसके परिवार के लोग भी घर छोड़कर फरार हैं, जिससे मामला और भी संदिग्ध हो गया है। परिजनों ने सीधे तौर पर हत्या कर शव को छिपाने का आरोप लगाया है। पिता सुधीर कुमार, चाचा और मां सहित सभी परिजनों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि नीतीश की हत्या कर दी गई है और शव को गायब कर दिया गया है।

CMYK

संक्षिप्त समाचार

श्री काली पूजा समिति के डांडिया महोत्सव का एसडीएम-डीएसपी ने किया उद्घाटन

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नवरात्रि की धूम पूरे मसौढ़ी में जोरों पर है। इस बार बिहार में गुजरात का प्रसिद्ध डांडिया और गरबा खूब सुर्खियां बटोर रहा है। मसौढ़ी में जिला परिषद परिसर में चल रहे डांडिया महोत्सव के बाद अब रेलवे स्टेशन रोड स्थित मंडप के पास श्री काली पूजा समिति की ओर से भी भव्य डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया है। रविवार की शाम आयोजित उद्घाटन समारोह में अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर

महोत्सव का शुभारंभ किया। फीता कटते ही ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर गरबा की मस्ती शुरू हो गई और पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। समिति के आयोजक अश्विनी कुमार उर्फ गोल्डी ने बताया कि इस बार काली पूजा समिति ने युवाओं को एक नया मंच देने के लिए विशेष तौर पर डांडिया और गरबा नृत्य का कार्यक्रम रखा है। नवरात्रि के पावन मौके पर भक्ति के साथ-साथ संस्कृति का संगम देखने को मिल रहा है। महिलाओं और युवतियों में डांडिया को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर बड़ी संख्या में प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। मौके पर वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार, पलटन सिंह, रामनरेश सिंह, लालमोहन सिंह सहित काली पूजा समिति के सभी सदस्य और सैकड़ों स्थानीय लोग उपस्थित रहे। एसडीएम ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक एकता को मजबूत करते हैं और समाज में भाईचारा बढ़ाते हैं। वहीं डीएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समिति को आवश्यक निर्देश दिए। देर रात तक चले इस महोत्सव में लोग जमकर थिरकते नजर आए।

एकमा के त्रिदेव मंदिर में तीन दिवसीय विशाल भंडारे का संकल्प, श्रद्धालुओं को मिलेगा प्रसाद

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिले के एकमा बाजार स्थित ब्लॉक रोड के त्रिदेव मंदिर परिसर में शनिवार की रात बिना लहसुन-प्याज से तैयार बिहार के प्रसिद्ध पारंपरिक व्यंजन लिट्टी-चोखा (बाटी-चोखा) बनाकर भक्तों को खिलाने का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर के भक्तों, प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों, मीडिया कर्मियों सहित आसपास के लोगों ने लिट्टी-चोखा का स्वाद लिया। आयोजन के दौरान आपसी सौहार्द और धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर

पर त्रिदेव मंदिर प्रबंधन कमेटी की बैठक भी आयोजित की गई। इसमें क्षेत्रीय श्रद्धालुओं तथा कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने दशहरा एवं दुर्गा पूजा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के बीच तीन दिवसीय विशाल भंडारे के तहत प्रसाद वितरण करने का संकल्प लिया। प्रबंधन कमेटी के अनुसार, रविवार को श्रद्धालुओं के बीच हलवा, सोमवार को मीठी खीर और मंगलवार को लड्डू का प्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले इस प्रसाद वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सेवा करना और धार्मिक आयोजन में सहभागिता बढ़ाना है। प्रबंधन कमेटी ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं आमजनों से मंदिर परिसर सहित दशहरा मेले में पहुंचकर मां दुर्गा का दर्शन करने और प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। इस अवसर पर दही बाबा, जीवन बाबा, मुकेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, अभय मिश्रा, डॉ बिन्दा प्रसाद, मोती चंद प्रसाद, चैतेंद्रनाथ सिंह, चितरंजन सिंह, मंजेश पाठक, मनोज सिंह, मुन्ना सिंह, पवन गुप्ता, मनीष कुमार सिंह, योगेंद्र सिंह, गोविंद कुमार, पवन कुमार, आशीष कुमार आदि अन्य लोग शामिल थे।

नवरात्र में देवी के अलग-अलग स्वरूप धारण कर चर्चा में आई पांच वर्षीय पीहू

छपरा/मढ़ौरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शारदीय नवरात्र के अवसर पर मढ़ौरा की पांच वर्षीय पीहू कुमारी अपने अनोखे अंदाज को लेकर चर्चा में है। मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों में सजकर वह लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। नन्ही बालिका की आकर्षक वेशभूषा और देवी के रूप में प्रस्तुति की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। नगर पंचायत मढ़ौरा के वार्ड संख्या 9 निवासी रमाकांत शर्मा की नतिनी पीहू नवरात्र के दौरान देवी के विभिन्न स्वरूप धारण कर लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। उसकी वेशभूषा और प्रस्तुति को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। शारदीय नवरात्र के सातवें दिन पीहू मां काली का स्वरूप

धारण कर मढ़ौरा स्थित प्रसिद्ध मां गढ़देवी मंदिर पहुंची। मां काली के रूप में सजी पीहू को देखकर मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं की नजरें उस पर टिक गईं। कई लोगों ने उसके साथ तस्वीरें लीं और इस खास पल को मोबाइल कैमरे में कैद किया। नवरात्र के दौरान पीहू के अलग-अलग देवी स्वरूपों में सजे फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किए जा रहे हैं। महज पांच वर्ष की उम्र में उसका यह अनोखा अंदाज स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। नवरात्र के भक्तिमय माहौल में पीहू की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं के आकर्षण को और बढ़ा दिया है।

बिजली चोरी के छह मामले पकड़े गए, प्राथमिकी दर्ज

मढ़ौरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मढ़ौरा क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने कार्रवाई तेज कर दी है। कनीय विद्युत अभियंता राजू कुमार सोनी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने विभिन्न गांवों में छापेमारी कर बिजली चोरी के छह मामले पकड़े। इस संबंध में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विभागीय टीम ने सेमरहिया और धेनुकी गांव में जांच के दौरान बिजली चोरी के मामले पकड़े। विभाग के अनुसार, सेमरहिया गांव में पशुपति देवी और धेनुकी गांव में मधु देवी के यहां एलटी लाइन से सीधे टोका फंसाकर बिजली का अवैध उपयोग किया जा रहा था।

दुर्गुणों को हरने वाली ही दुर्गा कहलाती हैं : बीके मीना दीदी

अरेराज में ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की तीन दिवसीय चैतन्य झांकी शुरू, महिषासुर वध और वरदानी चैतन्य मूर्तियों का साक्षात्कार बना आकर्षण

मोतिहारी/अरेराज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नवरात्र के अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अरेराज स्थित स्थानीय सेवा केंद्र की ओर से शनिवार को दुर्गा माता की तीन दिवसीय चैतन्य झांकी का शुभारंभ किया गया। संध्या सात बजे से रात दस बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ राजयोगिनी बीके मीना दीदी, पूर्व विधायक सुनील मणि तिवारी, बीके अशोक वर्मा, बीके विभा एवं बीके करुणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। झांकी के अनावरण के बाद अतिथियों ने दुर्गा माता की आरती उतारी।



दुर्गुणों को जड़-मूल से समाप्त करने का लें संकल्प

मुख्य वक्ता बीके मीना दीदी ने कहा कि दुर्गुणों को हरने वाली ही दुर्गा कहलाती हैं। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में दुगार्पूजा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि नवरात्र के अवसर पर सभी को अपने अंदर की सूक्ष्म से सूक्ष्म कमी और कमजोरी को पहचानकर उसे जड़-मूल से समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए।पूर्व विधायक सुनील मणि तिवारी ने कहा कि आध्यात्मिकता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में ब्रह्माकुमारियों के योगदान की जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम होगी। बीके अशोक वर्मा ने कहा कि परमात्मा शिव की शक्ति दुर्गा हैं। उन्होंने आध्यात्मिक संदर्भ में कहा कि भारत के दुखों को दूर करने के लिए दुर्गा माता की शक्ति ब्रह्माकुमारियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दे रही है। कार्यक्रम को बीके करुणा एवं बीके विभा ने भी संबोधित किया।

महिषासुर वध और वरदानी मूर्तियों का साक्षात्कार बना आकर्षण

चैतन्य झांकी का मुख्य आकर्षण महिषासुर वध की जीवंत प्रस्तुति रही। इसमें महिषासुर की भूमिका शिव प्रसाद गिरी ने निभाई, जबकि ज्ञान देने वाली ब्रह्माकुमारी की भूमिका बीके करुणा ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान कई सामूहिक गीतों और नृत्यों की भी प्रस्तुति हुई। दूसरा प्रमुख आकर्षण श्वेत वस्त्रधारी ब्रह्माकुमारियों द्वारा वरदानी चैतन्य मूर्तियों के रूप में कराया गया आध्यात्मिक साक्षात्कार रहा। आकर्षक झांकी और आध्यात्मिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन बीके राजकिशोर भाई ने किया।

मोकामा पहुंचे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी

बोले- एनडीए पूरी तरह एकजुट, एमएलसी चुनाव में मिलेगी एकतरफा जीत

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी के मोकामा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भाजपा नेता ललन सिंह की माता के श्राद्धकर्म में शामिल होने और शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने

स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की और संगठन से जुड़े विषयों पर चर्चा की।मोकामा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान संजय सरावगी ने कहा कि एनडीए पूरी तरह एकजुट है। आगामी एमएलसी चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में एकतरफा मतदान होने वाला है। उन्होंने कहा कि यह पढ़े-लिखे लोगों का चुनाव है और उन्हें पूरा विश्वास है कि एनडीए के उम्मीदवारों को व्यापक समर्थन मिलेगा।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के आगमन को लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। इस मौके पर संजीव कुमार मंगलम, चंदन कुमार, राहुल रंजन समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया और उनके साथ मुलाकात की।

महाअष्टमी को देवी मंदिरों में खोंईछा भरने को उमड़ी भीड़

मधुबनी शहर के आर के कॉलेज गेट सप्ता, गिलेशन बाजार, गंगासागर काली मंदिर परिसर, कोतवाली चौक, रांटी,मंगरौनी, पिलखवार,आदर्श नगर, भौआड़ा में सुबह से महिलाएं खोंईछा भर रही

मधुबनी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। महाअष्टमी पर रविवार को देवी मंदिरों में खोंईछा भरने को भीड़ उमड़ पड़ी। महाअष्टमी को खोंईछा भरने के साथ महागौरी की आराधना भक्ति भाव से की गई। मां महागौरी की आराधना से भक्तों को अत्यंत मंगलकारी और शीघ्र फल देने वाले परिणाम प्राप्त होते हैं। मां महागौरी को करुणा, शांति और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। शहर के आर के कॉलेज गेट सप्ता, गिलेशन बाजार, गंगासागर काली मंदिर परिसर, कोतवाली चौक, रांटी, मंगरौनी, पिलखवार, आदर्श नगर, भौआड़ा में महिलाएं खोंईछा भरने पहुंच रही थी। दुर्गा सप्तशती के पाठ से माहौल भक्तिमय हो गया। मिथिलांचल की परंपरा के अनुसार, महाअष्टमी की पूजा के बाद कई प्राचीन और कुलदेवी मंदिरों में पारंपरिक रूप से बलि प्रदान (कुम्हड़ा व छाग) अनुष्ठान संपन्न किया गया। इस पावन दिन पर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में कुमारी कन्याओं को भोजन (कन्या पूजन) कराया गया। कन्याओं को साक्षात माता

महागौरी का स्वरूप मानकर उन्हें हलवा, पूरी, काले चने और नारियल का प्रसाद खिलाया गया और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया गया। स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया कि आठवें दिन पूजी जाने वाली मां महागौरी का स्वरूप केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरा मनोवैज्ञानिक, जैविक और खगोलीय विज्ञान छिपा हुआ है। सनातन परंपरा में प्रतीकों के माध्यम से गूढ़ वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझाया गया है। मिथिलांचल में निशा पूजा (महानिशा पूजा) शक्ति साधना का सबसे रहस्यमयी और महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जो मुख्य रूप से शारदीय नवरात्र की महासप्तमी की मध्य रात्रि महा अष्टमी (निशीथ काल) में संपन्न किया जाता है। इस बार महा अष्टमी के निशित काल यानी महा अष्टमी मध्य रात्रि रविवार के रात्रि में होने के कारण निशा पूजा रविवार को मनाया गया। निशा पूजा में भगवती दुर्गा को 56 या 108 प्रकार के भोग अर्पण करने की भी परंपरा रहा है। मिथिलांचल समेत कई स्थानों पर उदयातिथि के अनुसार सोमवार, 19 अक्टूबर 2026 को भी मां महागौरी (दुर्गा अष्टमी) की पूजा और संधि पूजा की जाएगी। इस दिन अष्टमी दिन के 08 बजकर 04 मिनट तक है। पंडित पंकज झा शास्त्री ने कहा ज्योतिष में, नवदुर्गा का आठवां स्वरूप मां महागौरी मुख्य रूप से छाया ग्रह राहु का प्रतिनिधित्व करती हैं। हालांकि, कुछ ज्योतिषीय परंपराओं और विद्वानों के अनुसार, उन्हें शुक्र ग्रह से भी जोड़कर देखा जाता है।

बिहार विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन

सारण जिले के 20 मतदान केंद्रों पर 23 अक्टूबर को होगा मतदान

निर्वाचन कार्यों के सफल संचालन हेतु दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त

सारण/छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार विधान परिषद के 03-सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के तहत सारण जिले के सभी 20 मतदान केंद्रों पर दिनांक 23 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 08:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक मतदान कराया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, सारण वैभव श्रीवास्तव के आदेश के आलोक में निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके तहत सभी मतदान केंद्रों के लिए जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारियों, स्टैटिक दंडाधिकारियों तथा संबंधित पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा, दायित्वों की स्पष्टता एवं कार्यों के प्रभावी निष्पादन के उद्देश्य से दिनांक 22 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह में संबंधित पदाधिकारियों की ब्रीफिंग आयोजित की जाएगी। जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारियों, स्टैटिक दंडाधिकारियों तथा संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की ब्रीफिंग पूर्वाह्न 11:00 बजे निर्धारित है। मतदान के दिन जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारी अपने-अपने संबद्ध क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर मतदान प्रक्रिया की सतत निगरानी करेंगे तथा जिला नियंत्रण कक्ष को नियमित रूप से अद्यतन स्थिति से अवगत कराएंगे। स्टैटिक दंडाधिकारी एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारी मतदान केंद्रों पर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। साथ ही, मतदान दलों एवं निर्वाचन सामग्री के सुरक्षित परिवहन तथा मतदान समाप्ति के बाद मतपेटियों एवं निर्वाचन सामग्री को निर्धारित स्थल पर सुरक्षित जमा कराने हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता, निष्पक्षता, सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष बल दिया जा रहा है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता, सजगता एवं जवाबदेही के साथ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सके।

दुर्गा पूजा के दौरान छपरा शहर में डीएम-एसएसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च, शांति बनाए रखने की अपील

पूजा पंडालों के आसपास प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के जागरूकता शिविर भी लगाए गए

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव और वरीय पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार के संयुक्त नेतृत्व में छपरा शहर में जिला प्रशासन एवं पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। इसके माध्यम से आम लोगों को शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारे के साथ दुर्गा पूजा मनाने का संदेश दिया गया। फ्लैग मार्च के दौरान विशेष रूप से टाउन थाना और भगवान बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूर्ति विसर्जन जुलूस के निर्धारित मार्गो पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। प्रशासन का उद्देश्य पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के साथ श्रद्धालुओं को निर्बाध रूप से पूजा-अर्चना का अवसर उपलब्ध कराना है। जिला प्रशासन की ओर से दुर्गा पूजा के दौरान भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और मूर्ति विसर्जन जुलूस के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं। प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने आम लोगों से अपील की है कि वे आपसी सौहार्द और सामाजिक समरसता बनाए रखते हुए त्योहार मनाएं। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और भ्रामक सूचनाओं को प्रसारित करने से बचें। उन्होंने शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में जिला प्रशासन को सहयोग देने की अपील की।

पूजा पंडालों के पास लगाए गए जागरुकता शिविर

दुर्गा पूजा के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने की भी पहल की गई है। इसके तहत विभिन्न पूजा पंडालों के आसपास प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और इससे मिलने वाले लाभों की जानकारी दी जा रही है। प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य त्योहार के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

प्रभात किरण हिमांशु की पहली पुस्तक 'सुकुरती' का विमोचन

वर्तमान पीढ़ी की लेखन और साहित्य में रुचि होना सुखद अनुभूति : इंदु प्रसाद

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। छपरा के पत्रकार, कवि एवं लेखक प्रभात किरण हिमांशु की पहली पुस्तक सुकुरती : एक अनोखा संबंध, का विमोचन रविवार को शहर के शैलफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल परिसर में आयोजित समारोह में किया गया। नारी शक्ति को समर्पित इस कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी इंदु प्रसाद, सिस्टर ज्योति, शिक्षाविद् प्रीति सिंह, अर्चना श्रीवास्तव, रश्मि बाला और पंखुड़ी श्री ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों के स्वागत के बाद पुस्तक का विधिवत विमोचन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी इंदु प्रसाद ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी की लेखन और साहित्य में रुचि होना सुखद अनुभूति है। प्रभात किरण हिमांशु ने अपनी पुस्तक के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं के विभिन्न पहलुओं को बेहतर दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया है। सिस्टर ज्योति ने कहा कि साहित्य व्यक्ति की चेतना का विकास करता है। वहीं, अर्चना श्रीवास्तव ने कहा कि कवि और लेखक अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को नई दिशा देते हैं। हिमांशु भी अपनी कविताओं और लेखन के जरिए समाज को प्रेरित कर रहे हैं। शिक्षाविद् प्रीति सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने विचार साझा किए। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेश रंजन ने कहा कि लेखक और पत्रकार समाज के मजबूत स्तंभ होते हैं। इस अवसर पर राकेश कुमार, अमितेश कुमार, शत्रुघ्न श्रीवास्तव, सुशील कुमार, संकेत किरण अंशु, नवीन कुमार, दीप्ति और अनामिका ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

बेजुबान जीव और इंसान के निश्छल रिश्ते की कहानी है सुकुरती:

पुस्तक के लेखक प्रभात किरण हिमांशु ने कहा कि उनकी पुस्तक सुकुरती : एक अनोखा संबंध, केवल पन्नों और स्याही का संग्रह नहीं है, बल्कि एक बेजुबान जीव और इंसान के बीच पनपे निश्छल, पवित्र और अटूट रिश्ते की कहानी है। रोजमर्रा की भागदौड़ में अक्सर ऐसे आत्मीय संबंधों को अनदेखा कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सुकुरती ने उन्हें सिखाया कि प्रेम और संवेदना की कोई भाषा नहीं होती, बल्कि उन्हें दिल से महसूस किया जाता है। पुस्तक में इसी निश्छल भावना और आत्मीय लगाव को ईमानदारी से शब्दों में पिरोने का प्रयास किया गया है।

पूर्वी चंपारण में 24 घंटे के दौरान तीन सड़क हादसों में चार मौतें

देवर-भाभी की एक साथ गई जान

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पूर्वी चंपारण में सड़कों पर बेलगाम रफ्तार और लापरवाही का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। सड़क हादसे लगातार परिवारों की खुशियां छीन रहे हैं। बीते 24 घंटे के दौरान जिले में तीन अलग-अलग दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के देवर और भाभी भी शामिल हैं। चकिया में एक सड़क हादसे ने परिवार को ऐसी त्रासदी दी, जिसमें दो लोगों की एक साथ जान चली गई, जबकि पति और उनकी तीन वर्षीय मासूम बेटी जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। सबसे हृदयविदारक हादसा चकिया थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से मोटरसाइकिल टकरा गई। बाइक पर सवार मुजफ्फरपुर जिले के कटिया थाना क्षेत्र के जसौली कटिया गांव निवासी रवींद्र राम अपनी पत्नी पूनम देवी, तीन वर्षीय बेटी अनुष्का और भाई जयप्रकाश राम के साथ पिपरा थाना क्षेत्र के सीताकुंड गांव स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे पहले से खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को चकिया सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान 35 वर्षीय पूनम देवी और 27 वर्षीय जयप्रकाश राम की मौत हो गई। हादसे में रवींद्र राम और उनकी तीन वर्षीय बेटी अनुष्का गंभीर रूप से घायल हैं। एक ही दुर्घटना में पत्नी और भाई को खोने वाले रवींद्र के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। दूसरी घटना शनिवार की देर शाम पताही थाना क्षेत्र के बोकाने पट्टी गांव में हुई। यहां अज्ञात मोटरसाइकिल की ठोकर से 75 वर्षीय कांति देवी की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, चोरमा-बैरगनिया भारतमाला सड़क पर शनिवार की देर शाम हुई एक अन्य दुर्घटना में पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के धनौजी गांव निवासी चिमनी व्यवसायी ओमप्रकाश सिंह की 19 वर्षीय पुत्री मुस्कान कुमारी की जान चली गई। तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की ठोकर से वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के लिए ले जाने के दौरान ही उसकी मौत हो गई। तीनों हादसों में चार लोगों की मौत ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सड़क किनारे खड़े वाहनों से लेकर तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों तक, लापरवाही की कीमत लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है।

बीमा कारोबार से बढ़ा मुनाफा, परिवार को आर्थिक मदद

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बीमा लेते समय लोग चाहते हैं कि जरूरत पड़ने पर उन्हें और उनके परिवार को आर्थिक मदद मिले। इसी भरोसे को बनाए रखने के साथ आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने अपने कारोबार में भी बढ़ोतरी दर्ज की है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में कंपनी का मुनाफा पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 26.5% बढ़कर 760 करोड़ रुपए हो गया। इस दौरान, कंपनी को नए बीमा कारोबार से 11,821 करोड़ रुपए का प्रीमियम मिला, जो पिछले साल के मुकाबले 25% ज्यादा है। व्यक्तिगत सुरक्षा बीमा कारोबार में 47.2% और पेंशन व नियमित आमदनी देने वाली वार्षिकी योजनाओं में 50% की बढ़ोतरी हुई। व्यक्तिगत बीमा के तहत कुल बीमा कवर भी 34.9% बढ़कर 2.32 लाख करोड़ रुपए हो गया।

डीएम, एसपी द्वारा दुर्गा पूजा का विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर पूजा पंडालों का किया गया निरिक्षण

मोतिहारी/ढाका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण एवं पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चंपारण द्वारा सिकरहना अनुमंडल अंतर्गत नगर परिषद ढाका स्थित दुर्गा पूजा पंडाल एवं चिरैया प्रखंड अंतर्गत जय मनोकामना माता मंदिर गोढ़ीया हराज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में ढाका पूजा पंडाल, मस्जिद रोड एवं बाजार, मेला एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। मूर्ति स्थल एवं पांडाल में प्रवेश एवं निकासी द्वार, महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई, सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, वालंटियर की प्रतिनियुक्ति का अवलोकन किया गया एवं समिति को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।गोढ़ीया मनोकामना माता मंदिर के निरीक्षण के क्रम में प्रशासन द्वारा की गई सारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं मंदिर परिसर में लगने वाले मेला का भ्रमण किया गया। मनोकामना मंदिर में अधिक भीड़ को देखते हुए विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था संधारणार्थ पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों से समन्वय बनाकर कर दुर्गा पूजा संपन्न कराने का नितेश दिया गया।निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिकरहना, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ढाका / चिरैया, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद ढाका एवं थाना अध्यक्ष उपस्थित थे।

CMYK

डीएम एसपी ने विभिन्न पूजा पंडालों का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। दुर्गा पूजा पर्व के मद्देनजर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य मेला के दौरान विधि-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेना, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा पूजा समितियों द्वारा की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन करना था। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा औरंगाबाद शहर अंतर्गत कर्मा रोड, महाराणा प्रताप चौक एवं जसोइया मोड़ स्थित पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त ओबरा प्रखंड अंतर्गत कारा मोड़ सहित अन्य पूजा पंडालों तथा दाउदनगर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, श्रद्धालुओं के आवागमन तथा विधि-व्यवस्था संधारण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अनुमंडल

सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश

पदाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका को रोकने के लिए आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जाएं। साथ ही, पूजा पंडालों एवं आसपास के क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए तत्पर रहने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना भी की तथा जिलेवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

रफीगंज में मां दुर्गा की महाआरती व हनुमान चालीसा पाठ में शामिल हुए विधायक प्रमोद कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (संवाददाता)। नगर पंचायत क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के सप्तमी पर आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिंह शामिल हुए। उन्होंने माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। विधायक ने चरकावा रोड स्थित शिव स्थान (वार्ड 13 व 14) में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित भव्य महाआरती में भाग लिया। इसके बाद उन्होंने वार्ड 13 के चरकावा निचला डीह स्थित शिशु संघ दुर्गा पूजा समिति, देवी स्थान में महाआरती व हनुमान चालीसा पाठ में हिस्सा लिया। दोनों समितियों ने विधायक को अंगवस्त्र, फूल-माला और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि माँ दुर्गा की आराधना हमें शक्ति, साहस और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने

क्षेत्रवासियों के जीवन में खुशहाली तथा समाज में आपसी भाईचारे और सद्भाव के बने रहने की प्रार्थना की।कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा, दयानंद प्रसाद दांगी, बबलू सिंह, डॉ. संदीप कुमार, ऋषिकेश कुमार, विकास कुमार यादव, अशोक मेहता, सुनील सिंह, सुबोध कुमार शर्मा, संगीता प्रसाद, रामलायक सिंह, विनय सिंह, सिंटू सिंह, समिति अध्यक्ष राजा राम चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु, मेले में झूले और दुकानों पर रही रौनक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। शारदीय नवरात्र की महाष्टमी पर रविवार को हसपुरा प्रखंड मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर रहा। सुबह से ही विभिन्न पूजा पंडालों और दुर्गाबाड़ी में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मां के जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचे और मां दुर्गा से सुख-समृद्धि की कामना की। हसपुरा बाजार स्थित बड़ी दुर्गा जी मंदिर में सामूहिक पूजन का आयोजन किया गया। वहीं, सीएचसी अस्पताल परिसर, नरसन रोड, पटेल चौक और बड़ी खेल मैदान में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बड़ी खेल मैदान में मां काली की प्रतिमा के साथ सजे भव्य पूजा पंडाल ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। महाष्टमी को लेकर पूजा पंडालों में सुबह से

शाम तक चहल-पहल बनी रही। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति और खुशहाली की कामना की। पूजा के साथ लगे मेले में भी लोगों की खूब भीड़ जुटी। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया, जबकि महिलाओं और बच्चों ने विभिन्न दुकानों पर खरीदारी की। स्ट्रीट फूड के स्टॉलों पर भी लोगों की भीड़ देखने को मिली। महाष्टमी के अवसर पर हसपुरा में धार्मिक उत्साह और मेले की रौनक देखते ही बन रही थी। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के माहौल में पूरा क्षेत्र मां दुर्गा की आराधना में लीन नजर आया।

महागौरी पूजन के साथ शारदीय नवरात्र की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शारदीय नवरात्र के आठवें दिन 18 अक्टूबर को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां की आराधना कर सुख, शांति, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। पुजारी कन्हैया पंडित ने बताया कि मां महागौरी की पूजा का विशेष धार्मिक महत्व है। मां महागौरी को शांति, पवित्रता और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। नवरात्र के अवसर पर मंदिरों और पूजा पंडालों में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा।

कई अनूठी परंपराओं से जुड़ी है गोरडीहा में दुर्गापूजा

मनौती से होती आ रही पूजा, 2042 तक सुरक्षित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। प्रखंड के गोरडीहा में हो रही दुर्गा पूजा से कई अनोखी परंपरा जुड़ी हुई है। कई मायनों में यहां की पूजा परंपरा अनूठी है। बीते 52 साल में इसने अपनी विशिष्ट पहचान कायम किया है। यहां के निवासी व शिक्षक लोकेश पांडेय ने बताया कि वर्ष 1974 से चली आ रही भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम गोरडीहा की दुर्गापूजा में देखने को मिलता है। इसी वर्ष पहली बार इस गांव के प्रतिष्ठित व्यक्ति डॉ. राम भरोसा बाबू के नेतृत्व और दिशानिर्देशन में काफी धूमधाम से पूजा की

शुरुआत हुई। हालांकि पूजा के बीच में ही अकस्मात डा.रामभरोसा बाबू के निधन से पूरा गांव स्तब्ध और शोकाकुल हो उठा। कुछ अप्रत्याशित घटनाओं ने लोगों के मन में भय भी पैदा किया तो श्रद्धा भी। यही कारण है कि 1975 से विशुद्ध रूप से नियमानुसार पूजा की परम्परा शुरू हुई। ग्रामीण बताते हैं कि मूल नक्षत्र में माता का आगमन और श्रवणा नक्षत्र में विसर्जन आज भी सुनिश्चित है। अगर दो तीन वर्षों को छोड़ दें तो पूजा मनौती पर ही चल रही है। वर्ष 2042 तक मनौती का नम्बर लगा हुआ है। अर्थात कोई न कोई व्यक्ति प्रतिमा से पूजा तक का खर्च प्रत्येक वर्ष उठाता रहा। मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से वहां कुछ भी मां से मांगा है उसकी इच्छा पूरी हुई है। कलश विसर्जन की भी अद्भुत परम्परा है। बताया जाता है कि यहां नवमी के दिन सरकारी खोइन्चा की परंपरा है। इसके बाद है स्त्रियां मां का दर्शन कर पाती हैं। इसके अतिरिक्त गांव की नवव्याहता कुलवधू भी मां दुर्गा का दर्शन करने अवश्य जाती है। प्रतिमा के दर्शन के बाद घर लौट रहा कोई भी स्त्री पुरुष फिर पीछे मुड़कर नहीं जाता है। कई लोक परंपराएं यहां हैं। सबकी अपनी-अपनी मान्यताएं और आस्था हैं। भक्ति में शक्ति का स्वरूप यहां दिखता है। ग्रामीण बताते हैं कि हर किसी की मांग यहां अवश्य पूरी होती है। खासकर निःसंतान दंपतियों को माता का आशीर्वाद अवश्य प्राप्त होता है। लंबे समय तक संतान प्राप्ति ना करने वाले निराश हो चुके दंपति को भी संतान की प्राप्ति होती है।

शैक्षणिक पुरस्कार वितरण का होगा कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। कुर्मी विकास समिति के होने वाले शैक्षणिक पुरस्कार वितरण के 51 वां वार्षिक समारोह का आयोजन बाबू अमौना में शुक्रवार को होने जा रहा है। इस समारोह को सफल बनाने के लिए समिति के अनुमंडलीय अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार की अध्यक्षता में सोलह सदस्यीय समिति सदस्यों के साथ हुई। सभी सदस्यों से पुरस्कार वितरण समारोह में अपनी तरफ से दायित्व निभाने का आग्रह किया गया। उपाध्यक्ष अजय कुमार, सचिव सिकंदर पटेल, कोषाध्यक्ष अमीत कुमार, सदस्य अजय कुमार, उमाशंकर सिंह, राजेन्द्र सिंह, प्रगतिशील कुमार, मुन्ना कुमार, गुड्डू कुमार, उपेंद्र कुमार, संजय सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, अजय कुमार शामिल रहे।

महाअष्टमी पर मां महागौरी की पूजा-अर्चना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। शारदीय नवरात्र के आठवें दिन महाअष्टमी के अवसर पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही जिले के विभिन्न दुर्गा मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने मां के दर्शन-पूजन कर सुख, शांति, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और मंदिरों में घंटियों की गूंज के साथ जय माता दी के जयकारे सुनाई देते रहे। महाअष्टमी को नवरात्र का विशेष महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। इस दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की आराधना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां महागौरी अत्यंत शांत, सौम्य और करुणामयी स्वरूप वाली देवी हैं। उनकी पूजा करने से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि

का आगमन होता है। मां महागौरी को पवित्रता, शांति और कल्याण का प्रतीक माना जाता है।

सुबह से ही शुरू हुआ पूजा-पाठ का सिलसिला

महाअष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण किए और मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। भक्तों ने मां को पुष्प, फल, मिठाई और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। कई स्थानों पर दुर्गा सप्तशती का पाठ, मंत्रोच्चार और आरती का आयोजन किया गया। पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचते रहे। महिलाओं और युवतियों में भी पूजा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। नवरात्र की महाअष्टमी पर कन्या पूजन की भी विशेष परंपरा है। इस अवसर पर कई श्रद्धालु छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनकी पूजा करते हैं। कन्याओं को भोजन कराया जाता है और उपहार देकर आशीर्वाद लिया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, कन्या पूजन से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों पर अपनी कृपा बनाए रखती हैं। कुछ श्रद्धालु अष्टमी के दिन तो कुछ नवमी तिथि पर कन्या पूजन करते हैं।

नवरात्र को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक उत्साह का माहौल बना हुआ है। दुर्गा मंदिरों और पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कई स्थानों पर रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों की सजावट श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है। पूजा समितियों की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। महाअष्टमी के साथ ही नवरात्र का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। अब श्रद्धालुओं को महानवमी और विजयादशमी का इंतजार है। भक्त मां दुर्गा से परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना कर रहे हैं।

पट खुलते ही पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मां दुर्गा और काली की प्रतिमाओं का पट खुलते ही दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शारदीय नवरात्र के अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। पूजा पंडालों में मां के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। शहर के बड़ी दुर्गा देवी स्थान, काली स्थान और लोहार पट्टी सहित विभिन्न पूजा स्थलों पर भीम मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां दुर्गा एवं मां काली का विधिवत पूजन कराया। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए प्रतिमाओं का पट खोला गया। पट खुलते ही पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ जुटने लगी। शहर के देवी स्थान, चरकावां शिशु संघ, स्टेशन परिसर, संगत, हाजीपुर गोला, बाबूगंज देवी स्थान और नुनिया

टिल्हा शिव मंदिर सहित विभिन्न पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों के भदवा बाजार, कासमा, दुगुल, चेव, वराही, पौथू, पोगर, सिहुली मोड़, लटा, जाखिम, कजपा, धमनी खैरा, चरकावां और बहादुरपुर समेत कई स्थानों पर भी मां दुर्गा एवं मां काली की प्रतिमाओं का पट खुलते ही भक्तों का तांता लग गया। शारदीय नवरात्र के दौरान जगह-जगह आयोजित पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों से रफीगंज का शहरी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरा ग्रामीण इलाका भक्तिरस में सराबोर हो गया है।

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान परिषद

Name of State/UT : बिहार

1	2	3	4		5		
Sl No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st रेलवे कोर्ट समस्तीपुर, T.R. No. 968/22, दरभंगा जी.आर.पी. थाना केस सं.-23 / 2005	धारा सं० - 143 आई.पी.सी. एवं 174 रेलवे एक्ट, सरकारी कार्य में बाधा	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st दरभंगा G.R.-24104/24, दरभंगा नगर थाना केस सं. 230 / 13,	धारा सं० - 143, 353, 342 एवं 149 आई.पी.सी., सरकारी कार्य में बाधा डालने से संबंधित	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	05 दरभंगा स्नातक	अनिल कुमार झा	ए.सी.जे.एम. 1st दरभंगा C.R.I.-3046/20, लहेरियासराय थाना केस सं०-497 / 20	धारा सं० - 188, 143, 269, 270, 271, आई.पी.सी., आचार संहिता वगैरह का उल्लंघन	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

फॉर्मेट सी-1

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **विवेक शर्मा**

राजनैतिक दल का नाम: **निर्दलीय**
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें)

निर्वाचन का नाम: **पटना शिक्षक**

*निर्वाचन क्षेत्र का नाम: **001 पटना शिक्षक**

मैं .... (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता / करती हूँ:

क्र० सं०	लंबित आपराधिक मामले			आपराधिक मामलों के लिए दोष सिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण	
	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा(एं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण
1	मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, पटना	जी० आर० नं० 8656 सन् 2019 कोतवाली थाना कांड सं० 931/सन् 2019	147, 148, 149, 341, 342, 323, 353, 504, 506, 188 भा० द० विधान एवं धारा 9 लाउडस्पीकर एक्ट	शून्य	शून्य

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : कुमर राउत
ग्राम+पोस्ट : बनौली, थाना - सिमरी
जिला - दरभंगा

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of the Election : बिहार विधान परिषद्

***Name of Constituency** : 05 दरभंगा शिक्षक

I **Kumar Raut** a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1.	सी. जे. एम. सीतामढ़ी	GR No. 1057/17, डूमरा थाना, सीतामढ़ी, केस सं. 77 / 17	लंबित	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act, चेक बाउन्स का केस
2.	S.R. Singh, न्या.द., दरभंगा	TR50/25, सिमरी थाना, दरभंगा, केस सं. 934 / 19	आरोप विचरित	धारा 147, 149, 341, 353, 188, 304, 506 IPC, रोड पर धरना देकर जाम करना
3.	Kumar Nidhi, न्या.द., सीतामढ़ी	TR104/25, कम्पलेन केस नं. 2518 / 2015	लंबित	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act., चेक बाउन्स का केस

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl. No.	Name of Court & dates(s) of order(s)	Description of offence(s) punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	NA (Sl. No. 1 to 3)	NA (Sl. No. 1 to 3)	NA (Sl. No. 1 to 3)

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

चैतन्य देवियों की झांकी ने दिया आध्यात्मिक जागृति का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, औरंगाबाद के तत्वावधान में दशहरा के अवसर पर अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज परिसर में तीन दिवसीय चैतन्य देवियों की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। झांकी के माध्यम से श्रद्धालुओं को देवी स्वरूपों के दर्शन कराने के साथ आध्यात्मिकता, पवित्रता, नारी शक्ति और दैवी गुणों का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर थाना प्रभारी बबन बैठा, भाजपा के जिला प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता तथा ब्रह्माकुमारीज औरंगाबाद की मुख्य संचालिका राजयोगिनी सविता दीदी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान चैतन्य देवियों की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। झांकी ने लोगों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों से जुड़ने की प्रेरणा दी। देवी स्वरूपों के माध्यम से शांति, प्रेम, करुणा, त्याग, तपस्या और पवित्रता जैसे दैवी गुणों को जीवन में धारण करने का संदेश दिया गया। साथ ही नारी शक्ति के महत्व को रेखांकित करते हुए समाज में सकारात्मकता, नैतिकता और सद्भावना को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। ब्रह्माकुमारीज, औरंगाबाद की मुख्य संचालिका राजयोगिनी सविता दीदी के मार्गदर्शन में संस्था राजयोग ध्यान और आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रही है। संस्था का उद्देश्य लोगों को आत्मिक शांति, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक जागृति की ओर प्रेरित करना है। आयोजकों के अनुसार नवमी तिथि तक चलने वाली चैतन्य देवियों की झांकी धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने के साथ लोगों को आध्यात्मिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देगी।

शौच के लिए गई महिला की पोखर में डूबने से मौत

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। मदनपुर थाना क्षेत्र के दर्शन नगर में शौच के लिए बधार गई एक महिला की पोखर में डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान रामबली भुइयां की पत्नी सुगिया देवी के रूप में की गई है। घटना को लेकर मृतका के पति ने बताया कि सुगिया देवी रविवार की अहले सुबह शौच के लिए गई थी। गांव के बाहर पोखर पर पुल बना है जिस पर वह बैठ गयी। इसी क्रम में वह अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गई। इस दौरान उसे किसी ने देखा नहीं और गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे एसआई रोहित कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

विशेष अभियान में 36 गिरफ्तार, देसी कट्टा एवं कारतूस बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा के निर्देश पर शनिवार की देर रात जिले में विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध हथियार, मादक पदार्थ और अन्य अवैध सामग्रियों की तस्करी पर रोक लगाने के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। अभियान के फलस्वरूप जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 15 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, आर्म्स एक्ट में एक, दहेज हत्या में तीन, हत्या प्रयास में 11, मद्य निषेध अधिनियम के तहत आठ तथा अन्य मामलों में 13 लोगों की गिरफ्तारी किया गया है। वहीं 23.70 लीटर देसी शराब, तीन लीटर विदेशी शराब, 100 लीटर स्प्रिट, एक देसी कट्टा एवं तीन कारतूस बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1321 वाहनों से 3500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा साइबर पुलिस द्वारा 29950 रूपये रिकवर किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा के लिए पुलिस की सक्रियता के साथ विभिन्न इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ताकि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

मारपीट मामले में छह आरोपित गिरफ्तार

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। शराब के नशें में दो पक्षों के बीच मारपीट के छह आरोपियों को बड़ेम ओपी थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान तेतरहड़ गांव निवासी मदन कुमार, मनोज पासवान, मलू पासवान, रंजीत पासवान, रामप्यारे कुमार एवं ग़ज़ल कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें छह पुरुष और महिलाएं जख्मी हो गयी। जख्मियों को स्थानीय स्तर पर इलाज के बाद बेहतर इलाज़ के लिए रेफर किया गया है। कांड की गंभीरता पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्ष से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



दुर्गा पंडालों का पट खुलते ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

भक्तिमय रहा माहौल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भगवानपुर। प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिपीठ लखनपुर दुर्गा मंदिर का पट शनिवार को जागरणा और देवी पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया। पट खुलते ही माता भगवती के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में मत्था टेककर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।बताया जाता है कि रविवार की सुबह तड़के से ही श्रद्धालु मंदिर परिसर में दर्शन के लिए पहुंचने लगे थे। महिला श्रद्धालु माता को खोइंछा भरकर सुख-समृद्धि की कामना कर रही थीं। मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ब्राह्मण भोजन और मुंडन संस्कार भी कराए जा रहे हैं। माता भगवती के दर्शन के बाद श्रद्धालु मंदिर परिसर में स्थापित भगवान भोलेनाथ और भगवान वेंकटेश्वर जी महाराज के दर्शन-पूजन भी कर रहे हैं।मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिसर में पेयजल की व्यवस्था की गई है। आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए स्टॉल लगाए गए हैं। इसके साथ ही मंदिर परिसर में कार्यालय भी खुले हुए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। एसआई पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल को मंदिर परिसर में तैनात किया गया है। पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं की सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में जुटे हैं।विदित हो कि यहां बंगला पद्धति से पुजन का विधान है। इसलिए शनिवार को ही जगरणा कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विधि व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर प्रशासन सर्तक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जला रड्डी द्वारा जिले के विभिन्न पूजा मंदिरों का भ्रमण किया गया। इस दौरान दोनों वरीय पदाधिकारियों ने माता के मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा जिले में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने दुर्गा पूजा के अवसर पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की उपस्थिति एवं पूजा-अर्चना से संबंधित गतिविधियों का जायजा लिया। दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो, इसके लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की सक्रियता बनी हुई है। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन की सुविधा सुनिश्चित करने के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता पर बल दिया। दुर्गा पूजा के अवसर पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि श्रद्धालु पूरे उत्साह, श्रद्धा एवं भक्ति के साथ पूजा-अर्चना कर सकें।

नवरात्रि पर विद्यार्थी परिषद ने फलहार कार्यक्रम का किया आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरौनी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने नवरात्रि पर एपीएसएम कॉलेज बरौनी परिसर में फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने सिर पर मां दुर्गा की चुनरी बांधकर फलाहार ग्रहण किया। मौके पर प्रदेश कार्यकारी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य अजित चौधरी ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से सेवा, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इसका उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ आपसी एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना है। प्रांत मंत्री पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि अभाविप बरौनी इकाई ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना का संदेश दे रही है। बेगूसराय विभाग संयोजक सह एलएनएमयू छात्रसंघ अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि सनातन परंपरा को बदनाम करने के कुत्सित प्रयास का जवाब देने के लिए फलाहार सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सेकुलर कहने वाले लोग इफ्तार पार्टी में शामिल होते हैं लेकिन ऐसे अवसरों से दूरी बनाते हैं, जो सनातन संस्कृति को कमजोर करने की साजिश है। यह सदी सनातन की सदी है।प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक विकास झा और जिला संयोजक कमल कश्यप ने कहा कि हम भारत की गौरवशाली परंपरा के उन्नायक हैं। सभी सनातनियों को अपने पर्व गौरव से मनाना चाहिए। कार्यक्रम में जिला सोशल मीडिया संयोजक हिमांशु, नगर मंत्री प्रियांशु कुमार, आनंद, नगर सह मंत्री स्वराज कुमार, कॉलेज मंत्री अनुभव, आदित्य, अनिकेत, गोविंद, शशि, राजेश, गोलू, अमन

एनडीए प्रत्याशी डा. घनश्याम राय एवं सर्वेश कुमार के पक्ष में चला जनसंपर्क अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। बेनीपुर विधायक सह सत्तारूढ दल सचेतक प्रो. विनय कुमार चौधरी, दरभंगा ग्रामीण विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष ईश्वर मंडल ने दरभंगा शिक्षक निर्वाचन एनडीए समर्थित प्रत्याशी डॉ. घनश्याम राय एवं स्नातक निर्वाचन एनडीए समर्थित प्रत्याशी सर्वेश कुमार के पक्ष में जनसंपर्क कर बहेड़ी, सिंहवारा, जाले, नगर विधानसभा के शिक्षकों और स्नातक मतदाता से मुलाकात कर प्रथम वरीयता मत देने का आग्रह किया गया। जनसंपर्क के दौरान शिक्षकों एवं स्नातकों का भरपूर स्नेह, सहयोग और समर्थन प्राप्त हुआ। सभी ने एक स्वर में बदलाव के पक्ष में अपना समर्थन व्यक्त करते हुए प्रथम वरीयता में डॉ. घनश्याम राय एवं सर्वेश कुमार को मत देने का समर्थन किया। जनसंपर्क के दौरान केवटी विधानसभा के विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा, जदयू युवा उपाध्यक्ष रामशंकर सिंह, बहेड़ी प्रखण्ड अध्यक्ष नवीन सिंह, सिंहवारा प्रखण्ड अध्यक्ष पप्पू चौधरी से, जाले प्रखण्ड प्रमुख अतहर इमाम बेग से चुनाव-रणनीति पर विचार विमर्श हुई।

जिंदा कारतूस के साथ एक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बखरी (बेगूसराय) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बेगूसराय पुलिस पुलिस के द्वारा अपराध कर्मियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान वाहन चेकिंग के क्रम में बखरी थाना पुलिस टीम के द्वारा अपराध कर्मी चिराग राज पिता अनिल कुमार सिंह साकिन शकरपुरा वार्ड संख्या 9, थाना बखरी, जिला बेगूसराय निवासी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये अपराध कर्मी के पास से पुलिस ने खिलौने जैसा पिस्टल, एक मिस जिंदा गोली, एक मोटरसाइकिल बरामद किया। बखरी थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए चिराग राज को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

मतगणना की तैयारी का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। बिहार विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन की मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों के क्रम में रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कौशल कुमार ने नया खेल भवन स्थित बज्रगृह एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतगणना कार्य के सुचारु, पारदर्शी एवं व्यवस्थित संचालन के लिए की जा रही तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों से विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना के उपरांत मतपेटिकाओं की प्राप्ति एवं जमा करने की प्रक्रिया के लिए निर्धारित रिसीविंग काउंटर के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतगणना के दिन बनाए जाने वाले टेबलों की संख्या तथा मतगणना कार्य के संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से मतगणना की प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना स्थल पर उपलब्ध स्थान, मतगणना कक्षों की व्यवस्था, आवश्यक आधारभूत सुविधाओं, प्रवेश एवं निकास मार्गों तथा सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने यह भी जानकारी ली कि मतगणना के दौरान प्रतिनियुक्त कर्मियों एवं अन्य अधिकृत व्यक्तियों के आवागमन तथा मतगणना से संबंधित कार्यों के संचालन के लिए किस प्रकार की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मतगणना कार्य से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप ससमय पूर्ण कर ली जाएं। मतगणना स्थल पर आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी व्यवस्थाओं की पूर्व जांच कर लेने का भी निर्देश दिया गया, ताकि मतगणना के दिन किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करने का निर्देश दिया, ताकि बिहार विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन की मतगणना शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचारु रूप से संपन्न कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्नातक व शिक्षक निर्वाचन को लेकर एनडीए ने झोंकी ताकत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बलिया। दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर एनडीए ने प्रचार तेज कर दिया है। रविवार को बलिया के विवेक विहार में एनडीए की चुनावी सभा हुई। सभा में केंद्रीय मंत्री सह बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, गन्ना मंत्री संजय पासवान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र विवेक सहित कई विधायकों और नेताओं ने एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की। गिरिराज सिंह ने दरभंगा स्नातक क्षेत्र के उम्मीदवार सर्वेश कुमार और शिक्षक क्षेत्र के उम्मीदवार डॉ घनश्याम राय को जिताने की अपील की।शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि डबल इंजन सरकार विकास के लिए काम कर रही है और शिक्षकों के हित में लगातार कार्य हो रहे हैं, जबकि विपक्ष मतदाताओं को बरगलाने का प्रयास कर रहा है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि 2005 से नीतीश कुमार और 2014 से पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास कार्य हुए हैं। सभा को पूर्व विधायक राजकुमार सिंह, विधायक कुंदन कुमार, बबलू मंडल, अभिषेक आनंद सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा, जदयू जिलाध्यक्ष नंदलाल राय, लोजपा (र) जिलाध्यक्ष प्रेम पासवान, हम जिलाध्यक्ष पियुष कुमार, रालोसपा जिलाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, राकेश रोशन मुन्ना, जनार्दन पटेल, रूदल राय, ब्रजकिशोर मेहता, मृत्यंजय कुमार आदि उपस्थित थे।

कोलहुआ तालाब का नहीं हुआ कायाकल्प

औरंगाबाद। जिले के मदनपुर प्रखंड के कोलहुआ में सैकड़ों वर्ष पुराने तालाब का कायाकल्प नहीं हुआ है। यहां अबतक घाट का निर्माण नहीं किया गया है।

बखोरापुर मंदिर : चार धूर से शुरू हुआ सफर, आज चार बीघा में भव्य स्वरूप



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बड़हरा (भोजपुर)। प्रखंड में वर्ष 1862 में मात्र चार धूर में स्थापित जय माँ काली बखोरापुर वाली मंदिर आज चार बीघा में पक्का निर्माण के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण हो चुका है। मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था भोजपुर जिला पुलिस प्रशासन के हाथों में है। मंदिर परिसर में महानगरों जैसी सुविधाएँ, बड़े-बड़े गेस्ट हाउस, ईमानदारी, व्यवहारिकता, संस्कार, नशा मुक्त वातावरण और सुसज्जित परिसर के कारण यह देश-विदेश के लाखों भक्तों, पर्यटकों और नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

ट्रस्ट के नेतृत्व में 24 घंटे सेवा, मंदिर कार्यकारिणी 24 घंटे ईमानदार और संकल्पित जिम्मेवारी के साथ कार्यरत है। मंदिर ट्रस्ट का सफल नेतृत्व अध्यक्ष, गरीबों के मसीहा, महान समाजसेवी एवं होटल मौर्या पटना के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर बी. डी. सिंह कर रहे हैं। उनके साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रहे हैं मंदिर ट्रस्ट के वरीय उपाध्यक्ष एवं चेयरमैन आकाश ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन डॉ. लक्ष्मण तिवारी, मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल, सह मुख्य संरक्षक रविशंकर सिंह एवं कमल किशोर सिंह। साथ ही मुख्य सलाहकार सरोज कुमार, अमित कुमार दुबे, रामबचन सिंह, विजय कुमार सिंह गांगी, रामकुमार सिंह गांगी, रवि कुमार सिंह गांगी, राजकिशोर सिंह, तेनुघाट के अरुण कुमार सिंह, मीरगंज के सत्येंद्र कुमार सिंह, चंदवा के विनायक मित्तल, पटना के सोनू अग्रवाल, श्याम स्टील प्रा. लि. पटना, सोनू कुमार किराना स्टोर पटना, मुकेश कुमार कोटक महिंद्रा बैंक, तुलसी सिंह आरा, अशोक सिंह प्रियंका मेडिकल, रामायण सिंह बखोरापुर सहित सैकड़ों भक्त सहयोग कर रहे हैं। 10 दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव 2026 में नवरात्रि की अष्टमी तक लगभग 10 लाख भक्त माँ के दर्शन कर चुके हैं। एक ही परिसर में सभी शक्तिपीठों के दर्शन, भक्तिमय वातावरण में यहाँ वैष्णो देवी मंदिर जम्मू-कश्मीर, माँ विंध्यवासिनी मंदिर विंध्याचल, दक्षिणेश्वर व कालीघाट मंदिर कोलकाता, माँ तारा मंदिर रामपुरहाट पश्चिम बंगाल, माँ छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा झारखंड सहित भारत के अनेक शक्तिपीठों का समागम एक ही स्थान बखोरापुर में कर दिया गया है। गूगल पर 'जय माँ काली बखोरापुर वाली मंदिर' टाइप करने पर 13 पेज में मंदिर का संपूर्ण इतिहास उपलब्ध है। यह जानकारी मंदिर ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल ने दी।

Format C-2

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party: **JAN SURAAJ PARTY**

Name of Election: **Biennial Election to Legislative Council of Bihar-2026**

Name of State/UT: **BIHAR**

1.	2.	3.	4.		5.		
S.no.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
			Name of Court, case No. & status of the case(s)	Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court, case No. & date(s) of Order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
	Patna Graduates Constituency	Anuj Singh	JM (1 st Class) Nawada, GR No 2533/2012 & Pending	SECTION: 341, 354 of IPC	NIL	NIL	NIL

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: Anuj Singh
Name of political party: Jan Suraaj Party
Name of Election: Biennial Election to Legislative Council of Bihar 2026
Name of Constituency: Patna Graduate's Constituency

I, Anuj Singh, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1	JM(1st Class) Nawada	GR No 2533/2012	Pending	Sec 341 & 354 of Indian Penal Code

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl.no.	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable

एनएच-139 के फोरलेन निर्माण को केंद्र की मंजूरी, जल्द शुरू होगा काम : सुशील सिंह

- पटना से अरवल, औरंगाबाद होते हुए पलामू तक आवागमन होगा सुगम
- बिहार-झारखंड समेत चार राज्यों को मिलेगा लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार की राजधानी पटना से अरवल और औरंगाबाद होते हुए झारखंड के पलामू जिले को जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग-139 (एनएच-139) के फोरलेन निर्माण योजना को केंद्र सरकार से मंजूरी मिल गई है। अब इस सड़क के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। जल्द ही निर्माण के लिए निविदा जारी होने और काम शुरू होने की उम्मीद है। औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने आज अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि एनएच-139 के फोरलेन निर्माण की मंजूरी से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और विकास को गति मिलेगी। पूर्व सांसद ने कहा कि एनएच-139 बिहार से झारखंड, छतीसगढ तथा मध्य प्रदेश को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण सड़क है। इसके फोरलेन बन जाने से बिहार और झारखंड के साथ-साथ छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के लाखों लोगों को आवागमन में लाभ होगा। सड़क की क्षमता बढ़ने से यात्रियों और मालवाहक वाहनों को भी सुविधा मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से पटना, अरवल, औरंगाबाद और पलामू के बीच सड़क संपर्क अधिक सुगम होगा। इससे क्षेत्रीय व्यापार, परिवहन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ लोगों के समय की भी बचत होगी। पूर्व सांसद ने कहा कि एनएच-139 का फोरलेन निर्माण क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही जरूरत है। केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद अब लोगों को इस महत्वपूर्ण परियोजना के धरातल पर उतरने की उम्मीद जगी है।

दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, संदिग्धों पर प्रशासन की पैनी नजर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। दुर्गा पूजा पर्व के दौरान जिले में विधि-व्यवस्था संधारण, शांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसके मद्देनजर जिले के सभी प्रखंडों में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिले के प्रमुख चौक-चौराहों, पूजा पंडालों, मेला क्षेत्रों, संवेदनशील स्थलों एवं जुलूस मार्गों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रख रहे हैं, ताकि पूजा-अर्चना एवं अन्य धार्मिक गतिविधियां शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हों तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि संवेदनशील स्थलों, धार्मिक जुलूसों के मार्गों तथा मंदिर-मस्जिद के आसपास विशेष चौकसी बरतें। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना, तनाव अथवा विधि-व्यवस्था से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। सभी पूजा समितियों एवं अनुज्ञप्तिधारियों को निर्धारित शर्तों का पालन करने, उत्तेजक एवं भड़काऊ गीतों, आपत्तिजनक नारों तथा प्रतिबंधित हथियारों के प्रदर्शन से परहेज करने का निर्देश दिया गया है। दुर्गा पूजा के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने, भ्रामक सूचना प्रसारित करने अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

संदिग्ध अवस्था में किशोरी की मौत, गर्दन पर मिले गहरे निशान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव में 14 वर्षीया किशोरी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान धनंजय पासवान की पुत्री प्रियंका कुमारी के रुप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना को लेकर मृतक की मां कविता देवी ने बताया कि प्रियंका को पढ़ाई लिखाई पर ध्यान देने के लिए बातें बोल कर वह नए मकान में चली गयी। थोड़ी देर बाद ग्रामीणों से सूचना मिली कि प्रियंका घर में गिरी हुई है और उसके मुंह से झाग निकल रहा है। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर ले लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया गया। वहीं मृतका के पिता धनंजय पासवान ने बताया कि वह मछली पकड़ने के लिए गए थे। सूचना मिली कि बेटी की तबीयत काफी ज्यादा ख़राब है। इसके बाद उसे अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतका के गर्दन पर गहरे निशान मिले है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पायेगा। फिलहाल, मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

शारदीय नवरात्र के अवसर पर आप सभी शहरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सिकंदर हयात
नगर पार्षद, वार्ड नंबर- 15
अध्यक्ष, मुस्लिम शांति समिति
औरंगाबाद (बिहार)

शारदीय नवरात्र के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल कुमार
प्राचार्य
अपग्रेड मिडिल स्कूल, भरौंधा
अंबा (औरंगाबाद)

शारदीय नवरात्र के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
अभय कुमार राय
प्राचार्य
+2 हाई स्कूल महाराजगंज
अंबा (औरंगाबाद)

शारदीय नवरात्र के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार सरकार
कार्य प्रमंडल : किशनगंज-1
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तीन के तहत प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य।
मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के उन्नयन की दिशा में किया जा रहा कार्य।
ई. पंकज कुमार
कार्यपालक अभियंता

नीलकंठ महादेव सेवा समिति
औरंगाबाद (बिहार)
की ओर से शारदीय नवरात्र के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
लखन प्रसाद गुप्ता
संस्थापक सह संरक्षक
नीरज कुमार उर्फ लप्पू गुप्ता
संस्थापक-सह-व्यवस्थापक

महावीर मल्टीकेयर हॉस्पिटल
स्थान परिवर्तन
इस्कान मंदिर के पास फार्म पर एन.एच.-2 हाइवे, औरंगाबाद
डॉ. जितेन्द्र कुमार
BHMS (B.U)

उपेन्द्र निखिल हाई-टेक कंस्ट्रक्शन प्रा.लि.
की ओर से शारदीय नवरात्र के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
पतिनाथ पंकज
(अधिवक्ता)
परियोजना प्रबंधक

शारदीय नवरात्र के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
नगमतिया मोटर वर्क्स
पुरानी जीटी रोड, औरंगाबाद
अधिकृत विक्रेता :
भारत पेट्रोलियम
केवल पेट्रोल के लिए संपर्क करें

शारदीय नवरात्र के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
आस्था साईबर कैफे
अधिवक्ता संघ परिसर, औरंगाबाद (बिहार)
हमारे यहां दाखिल-खारिज, परमार्जन प्लस, खतियान, रजिस्टर-2 का बजाप्ता नकल, दाखिल-खारिज अपीलवाद एवं भूमि से संबंधित सम्पूर्ण ऑनलाईन कार्य किये जाते है।
प्रो.-कमल कुमार, मो.- 9155688894

दुर्गा पूजा के अवसर हार्दिक शुभकामनाएं
ॐ श्री साईं गणेशा हार्डवेयर
नोट- हमारे यहाँ एल्युमिनियम सेक्शन, शीशा विंडो, दरवाजा प्लाई सनमाइका, स्टील एवं हार्डवेयर संबंधित सभी सामान उपलब्ध है। यहाँ स्टील रेलिंग, गेट, सोफा, खिड़की बनाये जाते हैं।
Dealer : hindware TIMEX GROUP Alumentica
अपोजिट नगर थाना, विजय कॉम्प्लेक्स, औरंगाबाद (बिहार)

सुधा
परिवार के ओर से
COMFED
शारदीय नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा
विजयादशमी
दीपावली
छठ महापर्व
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ
शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड
आरा डेयरी, आरा
रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट, डेहरी-ऑन-सोन

दुर्गा पूजा के अवसर पर सभी नागरिकों को हमारी हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक तिवारी
समाजसेवी, पचिलखीं
दुर्गावती (कैमूर)

दुर्गा पूजा के अवसर पर सभी नागरिकों को हमारी हार्दिक शुभकामनाएं
जगदानंद यादव
उर्फ जगदा यादव
भावी जिला परिषद प्रत्याशी (गाँव,रहारी)
देवहलियां, रामगढ़ (कैमूर)

शारदीय नवरात्र के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार सरकार
कार्य प्रमंडल : कटिहार (बिहार)
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तीन के तहत प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य।
मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के उन्नयन की दिशा में किया जा रहा कार्य।
ई. असीम कुमार
कार्यपालक अभियंता

शारदीय नवरात्र के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार सरकार
कार्य प्रमंडल : महाराजगंज (सिवान)
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तीन के तहत प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य।
मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के उन्नयन की दिशा में किया जा रहा कार्य।
ई. ब्रज किशोर प्रसाद
कार्यपालक अभियंता

शारदीय नवरात्र के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
श्री गणेश ज्योतिष केन्द्र
छेदी बिगहा, बी.एल. इण्डो कॉलेज के सामने, खैरी, पटना रोड, औरंगाबाद (बिहार) मो.-9097943460
कुण्डली, हस्तरेखा, वास्तुशास्त्र, तंत्र-मंत्र, रत्न-रूद्राक्ष विशेषज्ञ एवं कर्मकाण्ड भाष्कर
मिलने का समय : संध्या 5 बजे से रात्रि 8 बजे एवं प्रत्येक रविवार प्रातः 10 बजे से संध्या 4 बजे तक
आचार्य यशवंत कुमार पांडेय
ज्योतिषाचार्य, बी.एच.यू. (वाराणसी)
प्रत्येक बुधवार को कार्यालय बंद रहेगा।

शारदीय नवरात्र के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. दीपक कुमार
जेल अधीक्षक
औरंगाबाद (बिहार)

दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व की मोकामा नगर परिषद की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
शोयेब खान
वार्ड पार्षद वार्ड संख्या-06
नगर परिषद, मोकामा (पटना)

शारदीय नवरात्र के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार सरकार
कार्य प्रमंडल : फरबिसगंज (अररिया)
प्रमुख कार्य और योजनाएं :
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तीन के तहत प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य।
मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के उन्नयन की दिशा में किया जा रहा कार्य।
ई. गिरिजानंदन सिंह
कार्यपालक अभियंता

SOCIAL INSTITUTE FOR WEAKER'S SECTION
PATNA (BIHAR)
की ओर से शारदीय नवरात्र के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
N. K. Jha
Secretary

शारदीय नवरात्र के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
शिव कुमार चौहान
मुखिया
ग्राम पंचायत-गोहरपुर
सह अध्यक्ष, मुखिया संघ
कोंच, गया जी (बिहार)

वी. एण्ड एस. बिल्डिकॉन
पिपरा बरदाग (छतरपुर) पलामू
की ओर से शारदीय नवरात्र के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
स्टोन चिप्स के निर्माता, बिक्रेता एवं आपूर्तिकर्ता